ऑनलाइन बाल यौन शोषण से संबंधित अभिव्यक्तियों, कानूनी ढांचे और तकनीकी शब्दों और उपकरणों पर एक उपयोगकर्ता–अनुकूल पुस्तिका

ईसीपीएटी इंटरनेशनल नागरिक समाज संगठनों का एक वैश्विक संघ है जो सामूहिक रूप से, बाल यौन शोषण सहित कई ऐसे मुद्दो को समाप्त करने के लिए काम करता है, जैसे कि बच्चों में वेश्यावृत्ति, बाल यौन दुर्व्यवहार सामग्री, तस्करी द्वारा बच्चों का यौन शोषण और यात्रा और पर्यटन में बच्चों का यौन शोषण। ईसीपीएटी सुनिक्षित करना चाहता है कि बच्चों को हर जगह अपने मूलभूत अधिकारों का आनंद मिलता रहे और वे सभी प्रकार के यौन शोषण से सुरक्षित हों।

वर्तमान में ईसीपीएटी इंटरनेशनल संघ में 86 देशों में 95 सदस्य हैं। जहाँ ईसीपीएटी सदस्य समूह स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर बच्चों की रक्षा के लिए विभिन्न पहलों के कार्यान्वयन में शामिल हैं वही ईसीपीएटी सचिवालय (बैंकॉक, थाईलैंड में स्थित) उन्हें तकनीकी सहायता, अनुसंधान और सूचना प्रदान करता है। यह अंतराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मंचों में प्रमुख मुद्दों पर संघ का प्रतिनिधित्व और समर्थन करता है।

यह प्रकाशन टेरे डे हॉम नीदरलैंड के उदार वित्तीय सहायता द्वारा संभव किया गया है।

इसमें शामिल तथ्य पत्रक बच्चों के ऑनलाइन यौन शोषण कार्यक्रम द्वारा ईसीपीएटी इंटरनेशनल में विकसित किया गया है।

अभिव्यक्ति तथ्यपत्रकों एवं इंटरनेट और टेक्नालॉजी तथ्यपत्रकों का अनुवाद और उत्पादन, पूर्व एशिया और प्रशांत महासागर के यूनिसेफ क्षेत्रीय कार्यालय, ईसीपीएटी सदस्य समूह एवं सम्बंधित देश के नागरिक समाज संगठनों की सहायता से अनेक भाषाओं में किया गया है जैसे कि, बर्मी, इन्डोनेशियाई (बहासा), खमेर, लाओ, थाई, और वियतनामी।

मई 2017, कॉपीराइट ईसीपीएटी इंटरनेशनल 2017
द्वारा लिखितः इवान नोवेन
डिजाइन और लेआउट द्वाराः मनीडा नेबकलगें
अतिरिक्त आभारः मैरी लॉर लेमिनेर, रंगसिमा देसवडे, थॉमस म्यूलर, जॉन कैर
हिंदी अनुवाद द्वाराः अनुपमा सहाय; सहयोगः राजीब क हालधर ।

द्वारा प्रकाशितः
ईसीपीएटी इंटरनेशनल
328/1 फाया थाई रोड, रच्थेवि, बैंकाक 10400 थाईलैंड
टेलीफोनः +662 215 3388
ईमेलः info@ecpat.org
वेबसाइट :www.ecpat.org

ISBN: e-book: BN-60-146267
printed version: BN-60-146280

ऑनलाइन बाल यौन शोषण

एक सामान्य समझ

ecpat

ऑनलाइन बाल यौन शोषण से संबंधित अभिव्यक्तियों, कानूनी ढांचे और तकनीकी शब्दों और उपकरणों पर एक उपयोगकर्ता–अनुकूल पुस्तिका

प्रस्तावना

ऑनलाइन बाल यौन शोषण एक तेजी से विकसित हो रही वैश्विक समस्या है, जो एक व्यापक प्रतिक्रिया की मांग करता है। ईसीपीएटी ऑनलाइन बाल यौन शोषण कें मुद्दे से मुकाबला करने के लिए अपने सदस्यों का ज्ञान वर्धन और अन्य हितधारकों की क्षमता निर्माण करने के लिए काम करता है। किसी समाधान पर प्रभावी रूप से काम करने के लिए हितधारकों को यह समझना अति अनिवार्य है कि समस्या क्या है। इसके लिए न्यूनतम रूप से विभिन्न अभिव्यक्तियों की और अपराधी बच्चों को कैसे पीड़ा पहुंचाते हैं, उसकी एक आधारभूत समझ की आवश्यकता है।

इसके अतिरिक्त, इस समस्या के किसी भी दृष्टिकोण पर चर्चा करते समय, एक सामान्य भाषा का उपयोग करना आवश्यक है ताकि, इस मुद्दे की सही समझ बन सके एवं उसके प्रकृति और गंभीरता को लेकर किसी गलत धारणा को रोका जा सके। आदर्श स्वरूप, साझा किये गए विचारों को राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय कानूनी रूपरेखाओं में जोड़ा जाना चाहिए, जो ऐसे आचरणों को समानुपातिक एवं अवरोधक प्रतिबंधों के साथ अपराधीकरण एवं दंडित करता है।

इस पुस्तिका में ऑनलाइन बाल यौन शोषण से संबंधित तथ्य पत्रक की ऐसी तीन श्रृंखलाएँ दी गयी हैं, जो इस मुद्दे पर बेहतर पकड़ बनाने में रुचि रखने वाले किसी भी व्यक्ति का आसान और तैयार रूप से उपयोग की जाने वाली संसाधन प्रदान करती है। पहली श्रृंखला के तथ्य पत्रक ऑनलाइन बाल यौन शोषण के विभिन्न अभिव्यक्तियों का वर्णन करती है। दूसरी श्रृंखला में पांच योग्य क्षेत्रीय और/या अंतराष्ट्रीय कानूनी ढांचे शामिल हैं जिनमें ऑनलाइन बाल यौन शोषण के एक या अधिक अभिव्यक्तियों के बारे में प्रावधान है। अंत में, तीसरी श्रृंखला म इंटरनेट और प्रौद्योगिकी तथ्य पत्रक शामिल है जिसमें ऐसे शब्दों और साधनों का वर्णन है जो यह समझने में मदद करता है कि बाल यौन अपराधी एवं अपराधियों को रोकने वाले, इंटरनेट एवं विभिन्न प्रौद्योगिकियों (संभावित) का इस्तेमाल किस प्रकार करते हैं।

यह किसके लिए है ?

ईसीपीएटी एक उद्देश्य अपने सदस्यों और अन्य हितधारकों को ऑनलाइन बाल यौन शोषण के खिलाफ उनके प्रयासों में सक्षम, सशक्त एवं सुगमता प्रदान करना है। ये तथ्य पत्रक पर विभिन्न भाषाओं में उपलब्ध है और इनका उपयोग विभिन्न गतिविधियों को समर्थन देने के लिए किया जा सकता है जैसे कि जागरूकता बढ़ाने में या मजबूत कानूनी ढांचे के लिए सरकारों की वकालत करने में। ये संसाधन संक्षिप्त और स्पष्ट तरीके से जानकारी प्रदान करते हैं और विभिन्न हितधारकों को ऑनलाइन बाल यौन शोषण से संबंधित सबसे उचित मुद्दों के बारे में सुगमता से ज्ञान वर्धन करते हैं। कृपया इन तथ्य पत्रकों को अपने काम और संदर्भ के लिए उपयोग करें।

लघु रूप

एयू	अफ्रीकन यूनियन
सीओई	काउन्सिल ऑफ युरोप
सीएसएएम	चाइल्ड सेक्सुअल अब्यूस मेटीरियल
सीएसईएम	चाइल्ड सेक्सुअल एक्सप्लाय्टेशन मेटीरियल
ईसीपीएटी	एंडिंग दा सेक्सुअल एक्साप्लाय्टेशन ऑफ चिल्ड्रेन
आइसीमईसी	इंटरनॅशनल सेंटर फॉर मिस्सिंग एंड एक्सप्लाय्टेड चिल्ड्रेन
आईएलओ	इंटरनॅशनल लेबर ऑर्गनाइज़ेशन
आईपी	इंटरनेट प्रोटोकॉल
आईएसपी	इंटरनेट सेवा प्रदाता
ओपीएससी	दा ऑप्षनल प्रोटोकॉल टू दा कन्वेन्षन ऑन दा राइट्स ऑफ दा चाइल्ड ऑन दा सेल ऑफ चिल्ड्रेन, चाइल्ड प्रॉस्टिटयूशन एंड चाइल्ड पॉर्नोग्राफी
टीओआर	द ऑनियन रूटर
यूआरएल	यूनिफॉर्म रीसोर्स लोकेटर

विषय सूची

प्रस्तावना 2

लघु रूप 4

अनुभाग 1: अभिव्यक्तियाँ 6

1. बाल यौन दुर्व्यवहार/शोषण सामग्री 7
2. यौन उद्देश्य के लिए ऑनलाइन ग्रूमिंग 10
3. सेक्सटिंग 12
4. यौन एक्सटोर्षन 14
5. लाइव ऑनलाइन बाल यौन दुर्व्यवहार या यौन दुर्व्यवहार की लाइव स्ट्रीमिंग 17

अनुभाग 2: कानूनी 20

1. दा ऑप्षनल प्रोटोकॉल टू दा कन्वेन्षन ऑन दा राइट्स ऑफ दा चाइल्ड ऑन दा सेल ऑफ चिल्ड्रेन, चाइल्ड प्रॉस्टिटयूशन एंड चाइल्ड पोर्नोग्राफी (ओपीएससी) 21
2. दा काउन्सिल ऑफ युरोप कन्वेन्षन ऑन दा प्रोटेक्षन ऑफ चिल्ड्रेन अगेन्स्ट सेक्सुअल एक्सप्लाय्टेशन एंड सेक्सुअल अब्यूस 27
3. दा काउन्सिल ऑफ युरोप कन्वेन्षन ऑन साइबर क्राइम 30
4. इंटरनॅशनल लेबर ऑर्गनाइज़ेशन (आईएलओ) कन्वेन्षन 182 कन्सर्निंग दा प्रोहिबिशन एंड इम्मीडियेट एक्शन फॉर दा एलिमिनेशन ऑफ दा वर्स्ट फॉर्म्स ऑफ चाइल्ड लेबर 33
5. दा आफ्रिकन यूनियन कन्वेन्षन ऑन साइबर सेक्यूरिटी एंड पर्सनल प्रोटेक्षन 37

अनुभाग 3: इंटरनेट और प्रौद्योगिकी

1. एक आईपी एड्रेस क्या होता है? 39
2. फिल्टरिंग और बलोकिंग क्या है? 41
3. एन्क्रिप्शन क्या है? 43
4. टीओआर क्या है? 45
5. हैश क्या है? फोटो–डीएनए क्या है? 48
6. क्लाउड कंप्यूटिंग क्या है? 50

अनुभाग 1:
अभिव्यक्तियाँ

इस अनुभाग में ऑनलाइन बाल यौन शोषण के पाँच भिन्न अभिव्यक्तियों समेत बाल यौन दुर्व्यवहार सामग्री (चाइल्ड सेक्सुअल अब्यूस मेटीरियल – सीएसएएम) एवं डिजिटल रूप से उत्पादित सीएसएएम; ऑनलाइन ग्रूमिंग, सेक्सटिंग, यौन एक्सटोर्षन और लाइव ऑनलाइन बाल यौन दुर्व्यवहार सम्बंधित तथ्य पत्रक को संकलित किया गया है। ये तथ्य पत्रक यौन शोषण और यौन दुर्व्यवहार से बच्चों के संरक्षण के लिए शब्दावली दिशानिर्देश में दिए गये परिभाषा का अनुसरण करते हैं तथा प्रत्येक अभिव्यक्ति की मुख्य विशेषताओं का वर्णन करते हैं।

1 बाल यौन दुर्व्यवहार शोषण सामग्री

परिभाषा

बाल यौन दुर्व्यवहार/शोषण सामग्री

बाल यौन शोषण सामग्री (चाइल्ड सेक्सुअल अब्यूस मेटीरियल–सीएसएएम), 'बाल अश्लीलता/पोर्नोग्राफ़ी' का सुविधाजनक वैकल्पिक शब्द, वह सामग्री है जो यौन दुर्व्यवहारों को चित्रित करती है और / या बच्चे के गुप्तांग पर ध्यान केंद्रित करती है।

मोटे तौर पे 'बाल यौन शोषण सामग्री' (चाइल्ड सेक्सुअल एक्साप्लाय्टेशन मेटीरियल – सीएसईएम) शब्दावली का उपयोग बच्चों को चित्रित करती सभी अन्य लैंगिक सामग्री के लिए किया जा सकता है।

इन सामग्रियों में सभी उम्र के बच्चों, लड़कें एवं लड़कियों को शामिल किया गया है। इनमें दुर्व्यवहार एवं क्रियाओं का स्तर काफी भिन्न होती है जिसमें बच्चे के यौन अवस्था से लेकर भारी गंभीर हमले शामिल होते हैं।

कंप्यूटर/डिजिटली उत्पन्न सीएसएएम/सीएसईएम

'कंप्यूटर (या डिजिटल) द्वारा उत्पन्न बाल यौन दुर्व्यवहार सामग्री' शब्दावली में बच्चों से जुड़े यौन संबंध और / यौन कार्यों के सभी प्रकार की सामग्री शामिल है। विशेष बात यह है कि इन सामग्रियों के उत्पादन में वास्तविक बच्चों से संपर्क या दुर्व्यवहार शामिल नहीं होता है, बल्कि उन्हें कृत्रिम रूप से डिजिटल उपकरणों के उपयोग द्वारा इस प्रकार बनाया जाता है जैसे कि बच्चे वास्तविक हों। इस प्रक्रिया की 'वर्चुअल बाल 'अश्लीलता' कहा जाता है।

हालांकि कंप्यूटर द्वारा बनाए गए सीएसएएम/सीएसईएम में वास्तविक बच्चे को नुकसान नहीं उठाना पड़ता है, लेकिन यह फिर भी खतरनाक है क्योंकि (i) यह बच्चों को यौन शोषण के लिए तैयार (ग्रूमिंग) करने में इस्तेमाल किया जा सकता है; (ii) यह बाल यौन दुर्व्यवहार सामग्री के लिए एक बाजार को बनाए रखता है; और (iii) यह बच्चों के लैंगिककरण के लिए सांस्कृतिक सहनशीलता एवं मांग को बढ़ाता है।

निम्न कानूनी ढांचे इन्हें (अंशत:) अपराधी मानते हैं

दा ऑप्षनल प्रोटोकॉल टू दा कन्वेन्षन ऑन दा राइट्स ऑफ दा चाइल्ड ऑन दा सेल ऑफ चिल्ड्रेन, चाइल्ड प्रॉस्टिटयूशन एंड चाइल्ड पॉर्नोग्राफी (ओपीएससी)	इसमें बच्चे के यौन शोषण के उद्देश्य के लिए उत्पादन, वितरण, प्रसार, आयात, निर्यात, और 'बाल अश्लीलता' बेचना या रखना शामिल हैं । 'बाल अश्लीलता' का उपयोग और उसे पाने को छोड़कर। 'बाल अश्लीलता' की परिभाषा में शब्दावली के दिशानिर्देशों में परिभाषित डिजिटली /कंप्यूटर उत्पन्न सीएसएएम शामिल नहीं है;
दा काउनसिल ऑफ युरोप कन्वेन्षन ऑन साइबर क्राइम (बुडापेस्ट कन्वेन्षन)	इसमें 'बाल अश्लीलता' का कंप्यूटर प्रणाली द्वारा उत्पादन, पेशकश या उपलब्ध करना, वितरण या संचारण, खरीद और अधिकार में रखना शामिल है। 'बाल अश्लीलता' की परिभाषा में शामिल है 'वास्तविक छवियां जिसमें स्पष्ट रूप से एक नाबालिग यौन आचरण में संलग्न है' और एक नाबालिग प्रतीत होने वाला व्यक्ति जो स्पष्ट रूप से यौन आचरण में संलग्न है;
दा काउन्सिल ऑफ युरोप कन्वेन्षन ऑन दा प्रोटेक्षन ऑफ चिल्ड्रेन अगेन्स्ट सेक्सुअल एक्सप्लाय्टेशन एंड सेक्सुअल अब्यूस ('लांज़ारोट कन्वेन्षन)	इसमें जानबूझकर कंप्यूटर प्रणाली द्वारा 'बाल अश्लीलता' का उत्पादन, पेशकश या उपलब्ध करना, वितरण या संचारण, खरीद और अधिकार में रखना शामिल हैं। 'बाल अश्लीलता' की परिभाषा शब्दावली दिशानिर्देशों में परिभाषित डिजिटल/कंप्यूटर द्वारा उत्पन्न सीएसएएम को शामिल नहीं करता है;
दा इंटरनॅशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन कन्वेन्षन 182 कन्सर्निंग दा प्रोहिबिशन एंड इम्मीडियेट एक्शन फॉर दा एलिमिनेशन ऑफ दा वर्स्ट फॉर्म्स ऑफ चाइल्ड लेबर (आइएलओ कन्वेन्षन 182)	केवल 'अश्लीलता' के उत्पादन के लिए किसी बच्चे का उपयोग, खरीद या पेशकश इसमें शामिल है। कन्वेन्षन में 'बाल अश्लीलता' या सीएसएएम/सीएसईएम की कोई परिभाषा नहीं है ;
दा अफ्रीकन यूनियन कन्वेन्षन ऑन साइबर सेक्यूरिटी एंड पर्सनल डाटा प्रोटेक्षन (एयू साइबर कन्वेन्षन)	इसमें उत्पादन, पंजीकरण, पेशकश, निर्माण, उपलब्ध कराने, प्रसार या संचारण, खरीद, आयात या निर्यात करने और 'बाल अश्लीलता' को अधिकार में रखना शामिल है। 'बाल अश्लीलता' की परिभाषा शब्दावली दिशानिर्देशों में परिभाषित डिजिटल/कंप्यूटर द्वारा उत्पन्न सीएसएएम इसमें शामिल है।

अपराधी और उनकी कार्यप्रणाली

- अपराधी मुख्य रूप से बच्चों में यौन दिलचस्पी या वित्तीय लाभ से प्रेरित होते हैं;
- वे अकेले या एक संघ का हिस्सा बनकर कार्य करते हैं;
- वे विभिन्न उपकरणों, सॉफ्टवेयर और / या इंटरनेट का उपयोग, उत्पादन, पहुंच या सामग्री साझा करने के लिए करते हैं;
- वे कभी–कभी एन्क्रिप्शन विधियों और अपने आचरण को छुपाने के लिए एवं पता लगाए जाने से बचने के लिए गुप्त ऑनलाइन[1] मंचों का भी उपयोग कर सकते ह
- (कम्प्यूटर द्वारा उत्पन्न) सीएसएएम/सीएसईएम का उपयोग अपराधी कभी–कभी बच्चों को तैयार करने में या उन्हें हेरफेर द्वारा यौन गतिविधियों में शामिल होने के लिए करते ह;

आपराधिक दोष

- सीएसएएम/सीएसईएम का उत्पादन;
- पहुंच पाना या उपार्जित करना; (मात्र) अधिकार होना;
- प्रस्तुत करना या उपलब्ध करना;
- आयात या निर्यात;
- वितरण, प्रसार या संचारण;
- पंजीकरण;
- बेचना।

आप क्या कर सकते हैं?

- मजबूत कानूनी ढांचे के लिए वकालत करना जो सीएसएएम/सीएसईएम से संबंधित सभी आचरणों को अपराध घोषित करता है;
- कानून प्रवर्तन (कानून स्थापित करने वाली संस्था) को सीएसएएम/सीएसईएम से निपटने और पीड़ितों की पहचान के लिए बेहतर संसाधनों, जैसे कि समर्पित क्षमता और उपकरणों की उपलब्धता के लिए वकालत करना;
- निजी क्षेत्र, जैसे कि इंटरनेट सेवा प्रदाताओं के साथ वकालत और सहयोग द्वारा सीएसएएम/सीएसईएम के प्रसार को बाधित करने के लिए नीतियों को लागू करना;
- सीएसएएम/सीएसईएम के साथ–साथ ऑनलाइन जोखिम और ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में शिक्षित करना और जागरूकता बढ़ाना;
- सीएसएएम/सीएसईएम के विषय क्षेत्र और विशेषताओं के बारे में समझ बढ़ाने के लिए अनुसंधान करना और प्रासंगिक जानकारी एकत्रित करना;
- जब आपका सामना ऑनलाइन सामग्री से होता है तो रिपोर्ट करें।

1 कृपया ईसीपीएटी तथ्य पत्र देखें: एन्क्रिप्शन क्या है?

2 यौन उदेश्यों के लिए ऑनलाइन ग्रूमिंग

परिभाषा

यौन उदेश्यों के लिए ऑनलाइन ग्रूमिंग

यौन उद्देश्यों के लिए ऑनलाइन ग्रूमिंग इंटरनेट या अन्य डिजिटल प्रौद्योगिकियों के उपयोग द्वारा एक बच्चे के साथ संबंध बनाने की प्रक्रिया है जो उस व्यक्ति के साथ ऑनलाइन या ऑफलाइन यौन संपर्क की सुविधा प्रदान करता है।

ग्रूमिंग के कार्य केवल ऐसे कार्य तक ही सीमित नहीं हैं, जहां शारीरिक तौर पे व्यक्तिगत बैठक का प्रयास किया गया है और/या हुआ है, बल्कि ऑनलाइन आयोजित किए गए कार्यो पर भी लागू होता है।

अपराधी और उनकी कार्यप्रणाली

- अपराधी मुख्य रूप से बच्चों में उनकी यौन दिलचस्पी या वित्तीय लाभ से प्रेरित होते हैं;
- अपराधी पीड़ितों को उनकी भेद्यता (जैसे कि आत्मविश्वास, अभिभावक नियंत्रण) का मूल्यांकन करके या बच्चों को अनियमित रूप से लक्ष्य बनाते हैं;
- किसी बच्चे के साथ संपर्क आम तौर पर ऑनलाइन शुरू होता है (जैसे कि चैट रूम , गेमिंग साइट या सोशल मीडिया मंच द्वारा), लेकिन इसके अलावा ग्रूमिंग ऑफलाइन भी घटित होता है;
- ग्रूमिंग में आमतौर पर बच्चे के विश्वास को प्राप्त करने के लिए उसके साथ भावनात्मक संबंध स्थापित करना शामिल होता है (जिसे दीर्घकालिक ग्रूमिंग कहा जाता है);
- अपराधी पहले एक विश्वास संबंध स्थापित करने के बजाय पीड़ित या तुंरत लाभ उठाने पर भी ध्यान केंद्रित कर सकते हैं;
- कभी–कभी ग्रूमर्स बच्चों के अलावा अन्य को भी ग्रूम करते हैं जैसे कि उनके साथी, परिवार और बड़े तौर पे समुदाय; ग्रूमिंग व्यवहार में एक बच्चे की जरूरतों को पूरा करना भी शामिल है जैसे कि ध्यान देना और उपहार देना, मनोवैज्ञानिक दबाव, हेरफेर, 'यौन शिक्षित करना' और एक बच्चे को असंवदेनशील बनाना;

- ग्रूमर्स बच्चों से यौन संबंध स्थापित करते हैं (या तो जल्दी–जल्दी या धीरे–धीरे);
- ग्रूमर्स आमतौर पर बच्चे की भागीदारी और चुप्पी को बनाए रखने के लिए अलगाव, गोपनीयता और निंदा का उपयोग करते हैं।

कानूनी ढाँचा

- ग्रूमिंग दा काउन्सिल ऑफ युरोप कन्वेन्षन ऑन दा प्रोटेक्षन ऑफ चिल्ड्रेन अगेन्स्ट सेक्सुअल एक्सप्लाय्टेशन एंड सेक्सुअल अब्यूस की नजर में एक अपराध है;
- दा काउन्सिल ऑफ युरोप कन्वेन्षन ऑन दा प्रोटेक्षन ऑफ चिल्ड्रेन अगेन्स्ट सेक्सुअल एक्सप्लाय्टेशन एंड सेक्सुअल अब्यूस के अनुच्छेद 23 में बच्चों के आग्रह या 'बाल अश्लील सामग्री' के उत्पादन के उद्देश्य से बच्चों को प्रस्ताव देने के कार्य का उल्लेख है। इसके अतिरिक्त, अनुच्छेद 22 बच्चों के भ्रष्टाचार या यौन गतिविधियों में बच्चों को साक्षी बनाने के कार्य का अपराधीकरण करता है;
- इसके अतिरिक्त, दा अफ्रीकन यूनियन कन्वेन्षन ऑन साइबर सेक्यूरिटी एंड पर्सनल डाटा प्रोटेक्षन, एक नाबालिग को बाल अश्लील सामग्री तक पहुंच बनाने या उपलब्ध कराने के कार्य को अपराध मानता है। अनुच्छेद 29 (3) (1) (डी) में ग्रूमिंग के तत्व हो सकते हैं।

आप क्या कर सकते हैं ?

- मजबूत कानूनी ढांचे के लिए वकालत करना जो यौन उद्देश्यों के लिए ऑनलाइन ग्रूमिंग के कार्यो को अपराध घोषित करता है;
- कानून प्रवर्तन संस्था को ऑनलाइन ग्रूमिंग के मुद्दे से निपटने के लिए बेहतर संसाधनों, जैसे कि समर्पित क्षमता और उपकरण की उपलब्धता के लिए वकालत करना;
- निजी क्षेत्र, जैसे कि इंटरनेट सेवा प्रदाताओं के साथ वकालत और सहयोग द्वारा सुरक्षित ऑनलाइन परिवेश प्रदान करने के लिए उपायों को लागू करना;
- ऑनलाइन ग्रूमिंग के बारे में शिक्षा और जानकारी बढ़ाना;
- ऑनलाइन ग्रूमिंग के बारे में समझ बढ़ाने के लिए अनुसंधान करना और प्रासंगिक जानकारी एकत्रित करना;
- जब आपको ऐसी परिस्थिति की जानकारी होती है जहां बच्चे को ऑनलाइन ग्रूमर्स द्वारा लक्षित किया जा रहा हो तो रिपोर्ट करे;
- पीड़ितों को समर्थन और देखभाल प्रदान करें।

3 सेक्स्टिंग



परिभाषा

सेक्स्टिंग

'सेक्स्टिंग' को 'स्वतः उत्पादित यौन चित्रों, या 'मोबाइल फोन और/या इंटरनेट के माध्यम से नग्न या लगभग नग्न छवियों का निर्माण करना, साझा करना और अग्रसर करना', के रूप में परिभाषित किया गया है।

यह युवा लोगों के बीच एक आम प्रक्रिया होती है और अक्सर सहकर्मियों के बीच एक सहमतिपूर्ण गतिविधि होती है। इसके आलावा 'अवांछित सेक्सटिंग' और उनके कई अन्य रूप भी होते हैं। इसका उल्लेख गैर–सहमति वाले गतिविधि के पहलुओं से है, जैसे कि अवांछित यौन चित्र या संदेशों को साझा करना या प्राप्त करना।

बच्चे क्यों और कैसे सेक्सटिंग में संलग्न होते हैं?

- आम तौर पे बच्चे स्वयं प्रेरित होकर या किसी अन्य व्यक्ति के अनुरोध पर चित्रों को रिकॉर्ड करते है और साझा करते हैं;
- इन चित्रों को विभिन्न उपकरणों द्वारा रिकॉर्ड किया जा सकता है। प्रायः मोबाइल फोन द्वारा सामग्री का उत्पादन किया जाता है, जिसे टेक्स्ट, चैट या सोशल मीडिया मंच के माध्यम से ऑनलाइन साझा किया जाता हैं;
- सामग्री प्रेमी या प्रेमिका, अन्य साथियों या जिन लोगों के साथ वे बातचीत करते हैं, उनके साथ साझा की जाती है;
- बच्चों में सेक्सटिंग की प्रेरणा अलग–अलग हो सकती है, जिसमें यौन संबंध में संतुष्टि सहित, प्रयोग, प्रंशसा या ध्यान की इच्छा करना और किसी के प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि करना शामिल है। उनकी प्रेरणा का कारन सहकर्मी द्वारा दबाव भी हो सकता हैं;
- सेक्सटिंग समस्याओं से ग्रसित है क्योंकि बच्चे अक्सर अपने व्यवहार के संभावित परिणामों को नहीं समझते हैं और अपने पहचान वाली जानकारी को छिपाने के लिए उपाय नहीं करते हैं;
- सेक्स्टिंग और भी अधिक समस्याग्रस्त होता है, जब उत्पादित सामग्री में आपराधिक या अपमानजनक तत्व शामिल होते हैं, जैसे कि वयस्क भागीदारी या इसे साझा करने में सहमति की कमी;

- सेक्स्टिंग बच्चों को यौन एक्सटोर्षन, (साइबर) धमकी के लिए भेद्य बनाता है और कभी–कभी उनके तस्वीर का नकल कर बाल यौन दुर्व्यवहार/शोषण सामग्री के संग्रह के लिए उपयोग करता है।

आपराधिक दोष

सेक्सटिंग बच्चों के यौन शोषण से संबंधित किसी भी क्षेत्रीय या अंतर्राष्ट्रीय कानूनी साधनों में अपराध नहीं है। हालांकि, कुछ देशों का कानून बच्चों में सेक्सटिंग 'बाल अश्लीलता' कानूनों का उल्लंघन मान सकता है क्योंकि इसमें नाबालिग की यौन तस्वीर का उत्पादन, पेशकश और वितरण शामिल है। एक बच्चे के स्पष्ट यौन संकेत रिकॉर्ड करने और /या भेजने के लिए, एक व्यक्ति को बाल यौन दुर्व्यवहार/शोषण सामग्री के उत्पादन और वितरण करने के रूप में आरोपित किया जा सकता है। इसके अलावा, सामग्री प्राप्त करने वाले व्यक्ति को बाल यौन दुर्व्यवहार/शोषण सामग्री को अधिकार में रखने या उस तक पहुँचने के आरोप लगाए जा सकते है।

सेक्सटिंग से संबंधित मामलों से निपटने में, यह आवश्यक है कि बच्चों को स्वयं उत्पादित सामग्री के लिए जो उन्हें अपमानजनक /शोषणकारी स्थिति में डाल सकते हैं, दोषी न ठहराया जाये या बच्चे को यौन दुर्व्यवहार सामग्री के उत्पादन के लिए अपराधी न माना जाये। हालांकि कई अभियोजक और कानून प्रवर्तन सेक्सटिंग में शामिल होने के लिए बच्चों पर मुकदमा नहीं करेंगे, लेकिन कुछ न्याय सीमाओं में बच्चों पर वास्तव में बाल यौन दुर्व्यवहार/शोषण सामग्री अपराधों के आरोप लगाए गए हैं।

आप क्या कर सकते हैं?

- **बच्चों, माता–पिताओं और देखभाल करने वालों के बीच सेक्सटिंग के जोखिम और संभावित परिणाम की जानकारी एवं जागरूकता बढ़ाना;**
- **इंटरनेट सेवा प्रदाताओं के साथ वकालत और सहयोग करें ताकि सेक्सटिंग सामग्री के ऑनलाइन प्रसार को रोका जा सके और मोबाइल ओपरेटरों के साथ यह वकालत करें कि उपयुक्त उपाय लागू करने के लिए आवश्यकता अनुसार अधिकारियों के साथ सहयोग करें (जैसे कि अनुरोध पर उपयोगकर्ता डेटा साझा करना)।**

2 कृपया ईसीपीएटी ओसीएसई मैनिफेस्टेशन तथ्य पत्र देखें – सेंक्सटिंग

4 यौन एक्सटोर्षन

परिभाषा

यौन एक्सटोर्षन

यौन एक्सटोर्षन, जिसे 'सेक्सटोर्षन' भी कहा जाता है, एक व्यक्ति को किया गया ब्लैकमेलिंग है जिसमें यौन लाभ, पैसों या अन्य लाभ के लिए उसके स्वयं द्वारा बनाई गयी छवियों को उसके सहमति के बिना साझा करने की धमकी शामिल होती है (जैसे कि सोशल मीडिया पर चित्र पोस्ट करना)।

बच्चों के खिलाफ यौन एक्सटोर्षन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें बच्चों या युवाओं को यौन सामग्री तैयार करते रहने के लिए दबाव डाला जाता है और/या सामग्री के अन्य लोगों के संपर्क के खतरे के तहत आपत्तिजनक कृत्यों को जारी रखने के लिए कहा जाता है। कुछ मामलों में, दुर्व्यवहार की ऐसी वृद्धि होती है कि स्थिति से बाहर निकलने के लिए पीड़ित के पास खुद को नुकसान पहुँचाने की कोशिश या आत्महत्या करने का प्रयास ही एकमात्र तरीका होता है।

अपराधियों और यौन एक्सटोर्षन के लक्षण

- अपराधी पैसा या यौन लाभ के लिए अक्सर शारीरिक हिंसा या बच्चे पर दबाव डालने के बजाय अपने आधिकारिक पद या असंतुलित शक्ति के अनुभव पर ज्यादा भरोसा करते हैं;

- मनोवैज्ञानिक दबाव आम तौर पर कुछ फायदे को रोकने की धमकी या खतरनाक नतीजे के खतरे के रूप में जाहिर होता है यदि मांग पूरी नहीं होती है;

- यौन घटक में अपराधी द्वारा किसी भी तरह की अवांछित यौन गतिविधि की मांग हो सकती है, जैसे कि निजी शरीर के अंगों को उजागर करना, यौन चित्रों के लिए प्रस्तुत होना, या ऑफलाइन बैठक के दौरान यौन या शारीरिक दुर्व्यवहार के लिए प्रस्तुत होना,

- यौन घटक सामान, सेवाओं या धन प्राप्त करने के लिए लागू विधियों में भी प्रतिबिंबित हो सकता है। उदाहरणस्वरूप अपराधी पीड़ित द्वारा स्वयं उत्पन्न यौन सामग्री या उसके समझौता पूर्ण छवियों तक पहुच प्राप्त कर सामग्री का उपयोग पैसों के ब्लैकमेल करने के लिए करते हैं;

- यौन एक्सटोर्षन में समझौता पूर्ण छवियों को ऑनलाइन या साथियों को वितरण करने की धमकी शामिल हो सकती है। इसके परिणामस्वरूप (साइबर) बदनामी जैसे अन्य नकारात्मक नतीजे हो सकते हैं जो बच्चे को और अधिक कष्ट या हानि पहुंचाते हैं।

आप क्या कर सकते हैं?

- मजबूत कानूनी ढांचे के लिए वकालत करना जो विशेष रूप से यौन एक्सटोर्षन को अपराध मानता है;
- कानून प्रवर्तन को यौन एक्सटोर्षन से निपटने के लिए बेहतर संसाधनों की उपलब्धता के लिए वकालत करना;
- बाल यौन दुर्व्यवहार/शोषण सामग्री के ऑनलाइन संचालन को रोकने के लिए इंटरनेट सेवा प्रदाताओं के साथ वकालत और सहयोग करना ताकि अपराधियों के लिए यौन दुर्व्यवहार के अवसरों को सीमित किया जा सके;
- बच्चों, माता–पिताओं और देखभाल करने वालों के बीच यौन एक्सटोर्षन के जोखिम और संभावित परिणाम की जानकारी एवं जागरूकता बढ़ाना;
- रिपोर्ट करें जब आपका यौन एक्सटोर्षन या ऑनलाइन बाल यौन दुर्व्यवहार/शोषण सामग्री से संयोग होता है।

3. कृपया ईसीपीएटी ओसीएसई अभिव्यक्तियों पर तथ्य पत्र यौन एक्सटोर्शन को देखें

आपराधिक दोष

यौन एक्सटोर्षन बच्चों के यौन शोषण से संबधित किसी भी क्षेत्रीय या अंतर्राष्ट्रीय कानूनी साधनों में अपराध नहीं है।

हालांकि, दा कन्वेन्षन ऑन दा राइट्स ऑफ दा चाइल्ड का अनुच्छेद 34 (सी) 'अश्लील प्रदर्शन और सामग्री में बच्चों के शोषक उपयोग' एवं दा काउन्सिल ऑफ युरोप कन्वेन्षन ऑन दा प्रोटेक्षन ऑफ चिल्ड्रेन अगेन्स्ट सेक्सुअल एक्साप्लाय्टेशन एंड सेक्सुअल अब्यूस का अनुच्छेद 21 (1) (ए–बी), बच्चों को 'बाल अश्लील प्रदर्शन के लिए मजबूर करने के कार्य को अपराध मानता है। इस प्रकार से बच्चों को 'बाल अश्लील कार्यो' के लिए तैयार या आग्रह करना अधिनियम के अनुच्छेद 23 में अपराध है। एक बच्चे के साथ यौन गतिविधियों में संलग्न होने का कार्य अपराध है जब इसमें दबाव, बल या धमकी शामिल होता है; जब यह व्यक्ति बच्चे का उसके ऊपर विश्वास, मान्यता प्राप्त सत्ता या प्रभाव का दुरुपयोग करता ह; या बच्चे की एक विशेष रूप से कमजोर स्थिति का फायदा उठाता है। इन अनुच्छेदों को यौन एक्सटोर्षन के तत्वों को समझने के लिए व्याख्या की जा सकती है।

इसके अलावा वे कन्वेन्षन या सम्मेलन जो बाल यौन दुर्व्यवहार/शोषण सामग्री के उत्पादन, खरीद, वितरण या पेशकश का अपराधीकरण करते है और जिसमें ऐसी भाषा का प्रयोग है जो यौन दुर्व्यवहार/यौन एक्सटोर्षन के तत्वों को दर्शाती है, इस प्रकार हैं – दा काउन्सिल ऑफ युरोप कन्वेन्षन ऑन साइबर क्राइम; दा काउन्सिल ऑफ युरोप कन्वेन्षन ऑन दा प्रोटेक्षन ऑफ चिल्ड्रेन अगेन्स्ट सेक्सुअल एक्सप्लाय्टेशन एंड सेक्सुअल अब्यूस, दा ऑष्षनल प्रोटोकॉल टू दा कन्वेन्षन ऑन दा राइट्स ऑफ दा चाइल्ड ऑन दा सेल ऑफ चिल्ड्रेन, चाइल्ड प्रॉस्टिटयूशन एंड चाइल्ड पॉर्नोग्राफी; दा अफ्रीकन यूनियन कन्वेन्षन ऑन साइबर सेक्यूरिटी एंड पर्सनल डाटा प्रोटेक्षन।

5 लाइव ऑनलाइन बाल यौन दुर्व्यवहार या यौन दुर्व्यवहार की लाइव स्ट्रीमिंग



परिभाषा

लाइव ऑनलाइन बाल यौन दुर्व्यवहार

लाइव ऑनलाइन बाल यौन दुर्व्यवहार में एक बच्चे को अकेले या अन्य व्यक्तियों के साथ यौन गतिविधियों में भाग लेने के लिए किया गया दबाव शामिल है। यौन गतिविधि एक ही समय में, इंटरनेट पर लाइव या 'स्ट्रीम' प्रसारित होती है और सुदूर बैठे लोगों द्वारा देखी जाती है। अक्सर, दूर से देख रहे व्यक्ति वे होते हैं, जिन्होंने बच्चे के यौन दुर्व्यवहार का अनुरोध किया है और /या आदेश दिया है, तथा जो यह निर्देश देते हैं कि कार्य कैसे जाना चाहिए। हो सकता है ये व्यक्ति दुर्व्यवहार के लिए कीमत देते हों।

अपराधी और उनकी कार्यप्रणाली

- वेबकैम द्वारा लाइव बाल यौन दुर्व्यवहार देखने वाले अपराधी, बिचौलियों या सुगमकर्ताओं के माध्यम से पहुंच प्राप्त कर सकते हैं;
- सुगमकर्ता कभी–कभी बच्चे के परिवार या सामुदायिक सदस्य होते हैं जो बच्चे को वेबकैम के सामने प्रदर्शन करने और (संभावित) ग्राहकों के साथ संवाद करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए मजबूर करते हैं;
- अपराधी और सुगमकर्ता या बच्चा, दुर्व्यवहार तथा अपराधी द्वारा लॉग ऑन का समय और तारीख पर सहमति देते हैं। इन नियुक्तियों को चैट, ई–मेल, फोन और किसी अन्य उपलब्ध चैनल के माध्यम से किया जाता है;
- इसके अतिरिक्त इसमें शामिल दल अपराधी द्वारा भुगतान के मूल्य पर सहमति देते हैं जो, आम तौर पर सामान्य वैध भुगतान सेवाओं के माध्यम से किया जाता है। लेनदेन से संबंधित संदेह को रोकने के लिए भुगतान की गई राशि आमतौर पर छोटी होती है;

- अन्य मंच जैसे कि स्काइप या वेबकैम समर्थित चैट साइटों का इस्तेमाल इंटरनेट पर यौन दुर्व्यवहार के लाइव स्ट्रीमिंग के लिए किया जा रहा है। इससे अपराधियों को वास्तविक समय में दुर्व्यवहार को देखने की और / या चैट या स्वर के माध्यम से इसे निर्देशित करने की गुजांइश होती है;

- कुछ समुदायों में अपराध को अनुमति देने के लिए सामाजिक सहिष्णुता का एक स्तर हो सकता है। यह कई कारकों से संबंधित हो सकते हैं जैसे कि गरीबी और इंटरनेट की सीमित समझ, बच्चे के लिए आशय – विशेषकर जब कोई शाारीरिक यौन दुर्व्यवहार शामिल नहीं है – या इन कृत्यों की अवैधता। लाइव ऑनलाइन बाल यौन दुर्व्यवहार को आय का एक आसान

आपराधिक दोष

लाइव ऑनलाइन बाल यौन दुर्व्यवहार बच्चों के यौन शोषण से संबंधित किसी भी क्षेत्रीय या अंतर्राष्ट्रीय कानूनी साधनों में स्पष्ट रूप से अपराध नहीं माना गया है।

हालांकि, 'लांज़ारोट कन्वेन्षन का अनुष्छेद 21 (ए–बी)' बाल अश्लील प्रदर्शन के लिए बच्चों को मजबूर करने तथा जानते हुए 'बाल अश्लील प्रदर्शन' (सी) में भाग लेने के कार्य को अपराध मानता है। इसके अलावा अनुच्छेद 24 इन कृत्यों को सहायता या बढ़ावा देने के कार्य को अपराध मानता है, जो अपराधों को सुगम बनाने या प्रोत्साहित करने वाले लोगों पर लागू किया जा सकता है। इस तरह से यह मामला दा कन्वेन्षन ऑन दा राइट्स ऑफ दा चाइल्ड के अनुच्छेद 34 (सी) और आईएलओ कन्वेन्षन 182 के अनुच्छेद 3 (बी) का भी है।

दा ऑप्षनल प्रोटोकॉल टू दा कन्वेन्षन ऑन दा राइट्स ऑफ दा चाइल्ड ऑन दा सेल ऑफ चिल्ड्रेन, चाइल्ड प्रॉस्टिटयूशन एंड चाइल्ड पॉर्नोग्राफी का अनुच्छेद 3 (1) (ए) यौन शोषण के उद्देश्य से किसी भी तरह की पेशकश, पहुंचाने या स्वीकार करने के कार्य को अपराध मानता है।

इसी तरह इंटरनॅशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन कन्वेन्षन 182 कन्सर्निंग दा प्रोहिबिशन एंड इम्मीडियेट एक्शन फॉर दा एलिमिनेशन ऑफ दा वर्स्ट फॉर्म्स ऑफ चाइल्ड लेबर का अनुच्छेद 3 (बी) ... अश्लील प्रदर्शन के लिए एक बच्चे के उपयोग, खरीद या पेशकश को अपराध मानता है।

इन अनुच्छेदों की व्याख्या, अपराधियों और सुगमकर्ताओं दोनों द्वारा ऑनलाइन बाल यौन दुर्व्यवहार से संबंधित कार्यो पर पकड़ बनाने के लिए की जा सकती है।

चूंकि लाइव ऑनलाइन बाल यौन दुर्व्यवहार में बाल यौन गतिविधियों के चित्र या वीडियों को रिकॉर्ड करने की बजाए बाल यौन गतिविधियों के लाइव स्ट्रीमिंग का कार्य शामिल है, इसलिए दुर्व्यवहार के सबूत प्राप्त करना और अपराधियों को बाल यौन दुर्व्यवहार/शोषण सामग्री के अधिकार, उत्पादन या प्रसार के लिए दोषारोपण करना मुश्किल हो सकता है।

आप क्या कर सकते हैं?

- बाल यौन दुर्व्यवहार के लाइव ऑनलाइन/स्ट्रीमिंग से संबंधित अवैधता, प्रभाव और जोखिम के बारे में बड़े पैमाने पर समुदायों को जागरूक और संवेदनशील बनाना;
- मजबूत कानूनी ढांचे के लिए वकालत करना जो विशेष रूप से बाल यौन दुर्व्यवहार या 'बाल अश्लील प्रदर्शन' के लाइव ऑनलाइन/स्ट्रीमिंग को अपराध मानता है;
- कानून प्रवर्तन को इस मुद्दे से निपटने के लिए बेहतर संसाधनों की उपलब्धता के लिए वकालत करना;
- अपराध से संबंधित संदिग्ध लेनदेन का पता लगाने और जाँच करने के लिए वित्तीय संस्थानों से वकालत करना।

अनुभाग 2 : कानूनी

कानूनी तथ्य पत्रक में पांच प्रांसगिक क्षेत्रीय और/या अंतराष्ट्रीय कानूनी उपकरणों पर चर्चा की गई है जिसमें ऑनलाइन बाल यौन शोषण पर एक या उससे अधिक अभिव्यक्तियों के बारे में प्रावधान है। इसमें सम्मिलित कानून इस प्रकार हैं – दा ऑप्षनल प्रोटोकॉल टू दा कन्वेन्षन ऑन दा राइट्स ऑफ दा चाइल्ड ऑन दा सेल ऑफ चिल्ड्रेन चाइल्ड प्रॉस्टिटयूशन एंड चाइल्ड पॉर्नोग्राफी; दा काउन्सिल ऑफ युरोप कन्वेन्षन ऑन दा प्रोटेक्षन ऑफ चिल्ड्रेन अगेन्स्ट सेक्सुअल एक्सप्लाय्टेशन एंड सेक्सुअल अब्यूस, दा काउन्सिल ऑफ युरोप कन्वेन्षन ऑन साइबर क्राइम; दा इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन कन्वेन्षन 182 कन्सर्निंग दा प्रोहिबिशन एंड इम्मीडियेट एक्शन फॉर दा एलिमिनेशन ऑफ दा वर्स्ट फॉर्म्स ऑफ चाइल्ड लेबर; दा अफ्रीकन यूनियन कन्वेन्षन ऑन साइबर सेक्यूरिटी एंड पर्सनल डाटा प्रोटेक्षन। ये तथ्य पत्रक जिसमें यौन दुर्व्यवहार सामग्री – अक्सर कानूनी परिभाषा में ''बाल अश्लीलता'' के रूप में संदर्भित – इन उपकरणों में परिभाषित किया जाता है और ऑनलाइन बाल यौन शोषण की अभिव्यक्तियां क्या है या कानूनी अनुच्छेदों के माध्यम से कैसे संबोधित किया जा सकता है इसमें शामिल है। प्रत्येक कन्वेन्षन की शक्तियों और दुर्बलताओं को भी उभारा गया है।

एनबीः कृपया ध्यान दें कि कानूनी तथ्य पत्रक के लिए हम 'बाल यौन दुर्व्यवहार/शोषण सामग्री' की बजाय 'बाल अश्लीलता' को मुख्य शब्दों के रूप में प्रयोग करेंगे क्योंकि ये सभी सम्मेलनों में उपयोग की जाने वाली भाषा है।

चूंकि सम्मेलनों में कंप्यूटर या डिजिटल रूप से उत्पन्न बाल यौन सामग्री के लिए एक विशिष्ट परिभाषा नहीं है, इसलिए हम उसका उल्लेख यौन शोषण और यौन दुर्व्यवहार से बच्चों के संरक्षण के लिए शब्दावली दिशानिर्देशों के सन्दर्भ में करेंगें।

1 दा ऑप्षनल प्रोटोकॉल टू दा कन्वेन्षन दा राइट्स ऑफ दा चाइल्ड ऑन दा सेल ऑफ चिल्ड्रेन, .चाइल्ड प्रॉस्टिटयूशन एंड चाइल्ड पॉर्नोग्राफी (ओपीएससी)

दुनिया भर के बच्चों में बढ़ते शोषण और दुर्व्यवहार पर अंकुश लगाने में मदद करने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2000 में दा ऑप्षनल प्रोटोकॉल टू दा कन्वेन्षन ऑन दा राइट्स ऑफ दा चाइल्ड ऑन दा सेल ऑफ चिल्ड्रेन, चाइल्ड प्रॉस्टिटयूशन एंड चाइल्ड पॉर्नोग्राफी (ओपीएसी) को अपनाया।

ओपीएससी और ऑनलाइन बाल यौन शोषण

ऑनलाइन बाल यौन शोषण के बारे में, ओपीएससी का तात्पर्य राज्य दलों को दायित्व प्रदान करना है कि वो इससे संबंधित गतिविधियों के लिए अपराधी को उपयुक्त दंड दें:

अनुच्छेद 3:

(1) (i) (ए) यौन शोषण के उद्देश्य के लिए किसी भी माध्यम द्वारा बच्चे की पेशकश, पहुंचाना या स्वीकार करना;
(1) (ii) (सी) बच्चे के यौन शोषण के प्रयोजन के लिए बाल अश्लीलता का निर्माण, वितरण, प्रसार, आयात, निर्यात करना, बेचना या अधिकार में रखना;
(2) इनमें से किसी भी कार्य को करना और इन कृत्यों का पालन करना या उनमें भाग लेने का प्रयास करना।

'बाल अश्लीलता' की परिभाषा

अनुच्छेद 2 (सी) :

"वास्तविक या नकली यौन क्रियाकलापों में लगे किसी बच्चे, या मुख्य रूप से यौन उद्देश्यों के लिए किसी बच्चे के यौन भागों को किसी भी माध्यम से प्रदर्शन"

ऑप्षनल प्रोटोकॉल क्या है?

ऑप्षनल प्रोटोकॉल एक स्टैंडअलोन संधि है जो उन देशों द्वारा हस्ताक्षर, परिग्रहण या अनुमोदन के लिए खुला है जो पार्टी हैं मुख्य मौजूदा संधि के, जिसका यह पूरक है और जिससे वह जुड़ा होता है। आमतौर पर, यह कार्यविधि प्रदान करता है या संधि से संबंधित एक महत्वपूर्ण क्षेत्र को संबंधित करता है। वे वैकलपिक हैं क्योंकि राज्य स्वतंत्र रूप से यह निर्णय ले सकते हैं कि उन्हें उनसे बाध्य होना हैं या नहीं।

ऑप्षनल प्रोटाकॉल (ओपीएससी) की शक्तियां

- ऑप्षनल प्रोटोकॉल गरीबी जैसी अंतर्निहित कारणों को संबोधित करने के लिए समग्र दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है। इस दृष्टिकोण में उधारणस्वरूप रोकथाम, जागरूकता बढ़ाने और दायित्वों की रिपोर्टिग शामिल हैं;
- इसमें अंतराष्ट्रीय सहयोग को सुगम बनाना एंव बढ़ावा देना, न्याय सीमा, प्रत्यर्पण और आपसी सहयोग के प्रावधान शामिल हैं;
- यह प्रयास करने, पालन करने या आचरण में भाग लेने वालों को अपराधी मानता है, जो अपराधियों और सुगमकर्ताओं पर मुकदमा चलाने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है;
- यह आपराधिक न्याय प्रक्रिया के सभी चरणों में बाल पीड़ितों के अधिकारों और हितों की सुरक्षा के उपायों की मांग करता है।

ऑप्षनल प्रोटोकॉल (ओपीएससी) की दुर्बलताएँ

यह विशेष रूप से ऑनलाइन बाल यौन शोषण से संबंधित सभी आचरणों को परिभाषित नहीं करता है और अपराध नहीं मानता है, जैसे :

- जानबूझकर 'बाल अश्लीलता' तक पहुंचना या देखना;
- केवल 'बाल अश्लीलता' अधिकार में रखना;
- डिजिटल द्वारा उत्पन्न बाल यौन दुर्व्यवहार सामग्री;
- यौन उद्देश्यों के लिए ऑनलाइन ग्रूमिंग ;
- यौन एक्सटोर्षन;
- लाइव ऑनलाइन बाल यौन दुर्व्यवहार

आपके देश को ओपीएससी का एक राज्य पार्टी क्यों बनना चाहिए?

- यह दा कन्वेन्षन ऑन दा राइट्स ऑफ दा चाइल्ड की पूर्ति करता है और 'बाल अश्लीलता' से बच्चों को बचाने के उपायों का विस्तार करता है;
- यह अंतराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देता है।



अभी तक, ओपीएससी को 173 सदस्य राज्यों द्वारा स्वीकृति दी गई है, जिनमें से 121 ने हस्ताक्षरित और पुष्टि की है और 52 ने प्रोटोकॉल को स्वीकृति दी है। 9 राज्यों ने हस्ताक्षर किए हैं लेकिन इसकी पुष्टि नहीं की है और 15 राज्यों ने अभी तक हस्ताक्षर नहीं किए हैं और न ही पुष्टि की है।

2 दा काउन्सिल ऑफ युरोप कन्वेन्षन ऑन दा प्रोटेक्षन ऑफ चिल्ड्रेन अगेन्स्ट सेक्सुअल एक्सप्लाय्टेशन एंड सेक्सुअल अब्यूस

साल 2007 में, काउंसिल ऑफ यूरोप (सीओई) ने दा कन्वेन्षन ऑन दा प्रोटेक्षन ऑफ चिल्ड्रेन अगेस्ट सेक्सुअल एक्सप्लाय्टेशन एंड सेक्सुअल अब्यूस को अपनाया, जिसे 'लांज़ारोट कन्वेन्षन' भी कहा जाता है। दुनिया का कोई राज्य कन्वेन्षन का एक पार्टी बन सकता है। इसके उद्देश्य हैं; बच्चों के यौन शोषण और यौन दुर्व्यवहार को रोकना और उनसे लडना (ए), बाल पीड़ितों के अधिकारों की रक्षा करना (बी) और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना।

दा लांज़ारोट कन्वेन्षन और ऑनलाइन बाल यौनशोषण

लांज़ारोट कन्वेन्षन प्रभावी, आनुपातिक और अवरोधक प्रतिबंधों के साथ–साथ अपराधीकरण और सजा देने के लिए दायित्वों को लागू करता है (अनुच्छेद 27):

अनुच्छेद 20 (1) बाल अश्लीलता

ए। उत्पादन;
ख। पेश कश या उपलब्ध करना;
सी। वितरण या संचारण
घ। खरीद;
ई। अधिकार में रखना;
च। जानबूझकर पहुंच प्राप्त करना

बाल अश्लीलता की परिभाषा

अनुच्छेद 20 (2)

"कोई भी सामग्री जो बच्चे को वास्तविक या नकली यौन आचरण में संलग्न दर्शाती हो या किसी बच्चे के यौन अंगों को मुख्य रूप से यौन प्रयोजनों के लिए चित्रित करती हो"

अनुच्छेद 21 (1) बाल अश्लील प्रदर्शन

ए। बच्चों की भर्ती/कारण;
ख। बच्चों का शोषण/मजबूर करना;
सी। जानबूझकर उपस्थित होना।

अनुच्छेद 22 बच्चों का भ्रष्टाचार

बच्चों को यौन दुर्व्यवहार या यौन गतिविधियों में साक्षी बनाना।

अनुच्छेद 23 बच्चों का आग्रह

जानबूझकर एक प्रौढ़ द्वारा एक ऐसे बच्चे से मिलने के लिए, सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों के माध्यम से प्रस्ताव, जो यौन गतिविधियों/सहमति के लिए न्यूनतम आयु तक नहीं पहुंचा हैं, उसके के साथ यौन गतिविधियों में शामिल होने या बाल अश्लीलता उत्पादन के लिए, जो भौतिक कार्य और अंततः इस तरह की बैठक के तरफ ले जाती है।

साल 2015 में लांज़ारोट समिति ने एक राय प्रकाशित की जिसमें सदस्य राज्यों को आमंत्रित किया गया उन मामलों के अपराधीकरण के लिए जहां गैरकानूनी यौन गतिविधियां विशेष रूप से ऑनलाइन होती हैं।

अनुच्छेद 24 सहायता, उकसाना, प्रयत्न करना

अपराध को सुगम करना / प्रोत्साहित करना।

कन्वेन्षन की निगरानी कैसे की जाती हैं?

लांजारोट सीमिति की स्थापना राज्य दलों की निगरानी के लिए किया गया था कि क्या वे प्रभावी रूप से लांज़ारोट सम्मेलन को लागू कर रहे हैं। इसका उद्देश्य स्थिति का एक तुलनात्मक अवलोकन करना है, साथ ही अच्छे अभ्यासों के आदान–प्रदान को बढ़ावा देना और कठिनाइयों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित करना है। बाल यौन शोषण को रोकने और उनका मुकाबला करने की क्षमता को बेहतर बनाने के लिए राज्यों के बीच संग्रह, विश्लेषण और सूचना के आदान–प्रदान को सुगम बनाने के लिए समिति को अधिकृत किया गया है।

आपके देश को लांज़ारोट कन्वेन्षन का एक राज्य पार्टी क्यों बनना चाहिए?

- यह बाल यौन शोषण पर सबसे उन्नत और पूर्ण रूप से बाध्यकारी अंतर्राष्ट्रीय कानूनी साधन है;
- यह एक बहुत व्यापक तरीके से यौन शोषण को अपराध मानता है;
- यह घर और विदेश में बच्चों के शोषण को रोकने में मदद करेगा;
- यह अपराधियों की जानकारी साझा करने, जांच करने और मुकदमा चलाने में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देता है।

कन्वेन्षन की शक्तियां

- यह 'बाल अश्ललीलता' से सम्बंधित सभी प्रासंगिक आचरणों को अपराध मानता है;
- यह बच्चों को 'बाल अश्लीलता प्रदर्शन' में शामिल होने के लिए मजबूर करने के कार्य को अपराध मानता है, जिसमें ऑनलाइन बाल यौन दुर्व्यवहार और यौन एक्सटोर्षन के तत्व शामिल होते हैं,
- यह एक बच्चे के साथ यौन गतिविधियों में शामिल होने के कार्य को अपराध मानता है, जहां दबाव, बल या धमकियों का उपयोग किया जाता है, या जब यह व्यक्ति बच्चे, या बच्चे की विशेष रूप से कमजोर स्थिति पर विश्वास, अधिकार या प्रभाव की मान्यता–प्राप्त स्थिति का दुरुपयोग करता है। इसमें यौन एक्सटोर्षन के तत्व शामिल हो सकते हैं;
- यह एक बच्चे को यौन गतिविधियों या दुर्व्यवहार के साथ–साथ बच्चों के आग्रह करने के कार्य को अपराध मानता है, जो ऑनलाइन ग्रूमिंग के पहलुओं को सम्मिलित करता है;
- यह यौन शोषण को सहायता या साथ देने और उकसाने को अपराध मानता है।

कन्वेन्षन की दुर्बलताएँ

यह ऑनलाइन बाल यौन शोषण के सभी रूपों को विशेष रूप से परिभाषित नहीं करता है या अपराध नहीं मानता है, जैसे की

- यौन एक्सटोर्षन;
- डिजिटल द्वारा उत्पन्न बाल यौन शोषण सामग्री

अनुच्छेद 20 (1) (3) के अनुसार दलों को अधिकार है डिजिटल रूप से उत्पन्न बाल यौन दुर्व्यवहार सामग्री को अपराध न मानने का



अभी तक, काउन्सिल ऑफ यूरोप के सभी 47 सदस्य राज्यों द्वारा 'लांज़ारोट कन्वेन्षन' पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इनमें से 42 राज्यों ने हस्ताक्षर और पुष्टि दोनों की है, और 5 राज्यों ने कन्वेन्षन की पुष्टि किए बिना हस्ताक्षर किए हैं।

3 दा काउन्सिल ऑफ युरोप कन्वेन्षन ऑन साइबर क्राइम

दा काउन्सिल ऑफ युरोप (सीओई) कन्वेन्षन ऑन साइबर क्राइम, जिसे 'बुडापेस्ट कन्वेन्षन' भी कहा जाता है, इंटरनेट और कंप्यूटर द्वारा किये गए अपराध को संबोधित करने वाला पहला अंतर्राष्ट्रीय संधि है। यह कंप्यूटर सिस्टम, नेटवर्क और कंप्यूटर डेटा की गोपनीयता, अंखडता और उपलब्धता के खिलाफ निर्देशित आचरण या उसके दुरुपयोग की खोज, जांच एवं अभियोग के संचालन के लिए आम आपराधिक नीति का पालन करता है। इस नीति में घरेलू आपराधिक और प्रक्रियात्मक कानून को अपनाने और सुसंगत करने के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना भी शामिल है। कन्वेन्षन को 23 नवंबरा 2001 में हस्ताक्षर के लिए खोला गया था और 1 जुलाई 2004 को लागू किया गया।

बुडापेस्ट कन्वेन्षन और ऑनलाइन बाल यौन शोषण

ऑनलाइन बाल यौन शोषण के संबंध में, बुडापेस्ट कन्वेन्षन प्रभावी, आनुपातिक और अवरोधक प्रतिबंधों (अनुच्छेद, 13) के साथ अपराधीकरण और सजा देने के दायित्वों को लागू करता है जिसम कोई भी आचरण शामिल हैः

अनुच्छेद 9 (1) बाल अश्लीलता

- कंप्यूटर सिस्टम द्वारा वितरण के उद्देश्य से बाल अश्लील साहित्य तैयार करना;
- कंप्यूटर सिस्टम द्वारा बाल अश्लीलता को पेश या उपलब्ध ; करना
- कंप्यूटर सिस्टम द्वारा बाल अश्लीलता को वितरित या संचारित करना;

बाल अश्लीलता की परिभाषा

अनुच्छेद 9 (2)

"सामग्री जो एक नाबालिग को स्पष्ट रूप से यौन आचरण में संलग्न दर्शाती है (ए); एक नाबालिग प्रतीत होने वाला एक व्यक्ति जो स्पष्ट रूप से यौन आचरण में संलग्न है (बी); वास्तविक छवियां जो एक नाबालिग को स्पष्ट रूप से यौन आचरण में संलग्न होने का वर्णन करती है"

- कंप्यूटर प्रणाली द्वारा अपने या किसी अन्य व्यक्ति के लिए बाल अश्लीलता को प्राप्त करना;
- कंप्यूटर प्रणाली या कंप्यूटर–डेटा संचयन में बाल अश्लीलता को रखना।

कन्वेन्षन की शक्तियां

- यह स्पष्ट परिभाषाओं का उपयोग करता है;
- यह 'प्राप्ति' समेत 'बाल अश्लीलता' से सम्बंधित सभी प्रासंगिक आचरणों को अपराध मानता है;
- यह आपराधों को सहायता या बढ़ावा देने को अपराध मानता है, जिसे सुगमकर्ताओं पर मुकदमा चलाने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है;
- यह एक आम आपराधिक नीति के पालन करने की आवश्यकता को स्वीकार करता है और जांच और अपराधी पहचान के उद्देश्य के लिए स्थापित किए जाने वाले डेटा को अवरुद्ध करने और जब्त करने के लिए प्रक्रिया संबंधी कानून निर्धारित करता है;
- इसमें अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ाने और सुगम बनाने के लिए पारस्परिक सहायता के साथ–साथ प्रत्यर्पण नियम के प्रावधान शामिल हैं।

कन्वेन्षन की दुर्बलताएँ

यह विशेष रूप से ऑनलाइन बाल यौन शोषण से संबंधित सभी आचरणों को परिभाषित नहीं करता है और अपराध नहीं मानता है;

- बाल अश्लील साहित्य' का उत्पादन;
- ऑनलाइन ग्रूमिंग;
- यौन एक्सटोर्षन;
- लाइव ऑनलाइन बाल यौन दुर्व्यवहार;

राज्य अपराध मानने के लिए बाध्य नहीं हैं;

- 'बाल अश्लीलता' की खरीद या अधिकार होना;
- डिजिटल द्वारा उत्पन्न बाल यौन शोषण सामग्री।

कानून प्रवर्तन हितों बनाम मानव अधिकार

कन्वेन्षन अपने प्रस्तावना में कानून प्रर्वतन के हितों और मौलिक मानवाधिकारों के सम्मान के बीच एक उचित संतुलन सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर देती है, विशेष रूप से बिना हस्तक्षेप के राय रखने का अधिकार; अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता; और गोपनीयता के सम्मान से संबंधित अधिकार। यह निजी डेटा संरक्षण के अधिकार का ध्यान रखता है।

आपके देश को बुडापेस्ट कन्वेन्षन का राज्य पार्टी क्यों होना चाहिए?

- यह इंटरनेट और कंप्यूटर अपराध को संबोधित करने वाला पहला अंतर्राष्ट्रीय संधि है और यह 'बाल अश्लीलता' के मुद्दे को साइबर अपराध के रूप में संबोधित करता है और इसके लिए ऑनलाइन सूचना एकत्र करने के लिए स्पष्ट प्रावधान प्रदान करता है;
- यह अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देता है;
- यह राज्य दलों और उद्योगों के बीच सहयोग को बढ़ावा देता है।



आज तक, बुडापेस्ट कन्वेन्षन की पुष्टि 55 राज्यों द्वारा की गई है। उनमें से 46 ने हस्ताक्षर और पुष्टि दोनों की है और 9 राज्यों ने कन्वेन्षन को स्वीकार किया है। 4 राज्यों ने हस्ताक्षर किए हैं लेकिन इसकी पुष्टि नहीं की है और यूरोप के परिषद के 1 सदस्य देश ने हस्ताक्षर नहीं किया है और न ही पुष्टि की है।

4 इंटरनॅशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन (आईएलओ) कन्वेन्षन 182 कन्सर्निंग दा प्रोहिबिशन एंड इम्मीडियेट एक्शन फॉर दा एलिमिनेशन ऑफ दा वर्स्ट फॉर्म्स ऑफ चाइल्ड लेबर

साल 1999 में, इंटरनॅशनल लेबर ऑर्गनाइज़ेशन (आईएलओ) ने कन्वेन्षन संख्या 182 को अपनाया। इस कन्वेन्षन की पुष्टि द्वारा, एक देश 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में 'सबसे बुरे स्वरूपों के बाल श्रम' को रोकने और खत्म करने और सुरक्षा की तत्काल कार्रवाई करने के लिए खुद को प्रतिबद्ध करता है। आवश्यक कार्रवाई की श्रेणी में शामिल है कानूनों के सुधार और उनके प्रवर्तन से लेकर, बच्चों और परिवारों को व्यावहारिक और प्रत्यक्ष सहायता प्रदान करना।

आईएलओ कन्वेन्षन और ऑनलाइन बाल यौन शोषण

कन्वेन्षन सदस्यों को 'बाल श्रम के सबसे बुरे स्वरूपों' को सुरक्षित रूप से रोकने और खत्म करने के लिए तत्काल और प्रभावी उपाय करने के लिए और दंड तथा अन्य प्रतिबंधों सहित इसके प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए आवाहन करता है।

इस कन्वेन्षन के प्रयोजनों के लिए, और बच्चों के यौन शोषण के मुद्दे के संबंध में, इसमें शामिल हैं;

अनुच्छेद 3

(b) एक बच्चे का उपयोग, खरीद या पेशकश, वेश्यावृत्ति के लिए, अश्लीलता के प्रदर्शन के लिए या अश्लीलता के उत्पादन के लिए;

(d) कार्य, जो उस प्रकृति या परिस्तिथि जिसमें उसे किया गया है, बच्चों के स्वास्थ्य, सुरक्षा या नैतिकता को नुकसान पहुंचा सकती है।

बाल श्रम के सबसे बुरे स्वरूपों पर सिफारिश

साल 1999 में आईएलओ द्वारा बाल श्रम के सबसे बुरे स्वरूपों की सिफारिश (संख्या 190) को अपनाया गया था। इस सिफारिश के प्रावधान कन्वेन्षन नंबर 182 के पूरक हैं, और उनके साथ जोड़ कर लागू किया जाना चाहिए। यह पुष्टि करने वाले देशों का आवाहन करता है 1) अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ाने के लिए 2) यह सुनिश्चित करने के लिए कि पूर्व परिभाषित श्रम के सबसे बुरे स्वरूपों को अपराध माना जाए और 3) प्रावधानों को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए उपाय सुनिश्चित किये जाएँ।

आईएलओ कन्वेन्षन संख्या 182 की शक्तियां

- ✔ यह 'बाल अश्लील प्रदर्शन' को अपराध मानता है, जो ऑनलाइन यौन दुर्व्यवहार से संबंधित आचरण को दर्शाता करता है;
- ✔ यह एक समग्र दृष्टिकोण समेत पीड़ितों के पुनर्वास और सामाजिक एकीकरण को बढ़ावा देता है;
- ✔ आईएलओ का निगरानी अंग उन राज्यों को सिफारिशें जारी कर सकता है जिन्होंने कन्वेन्षन की पुष्टि की है। अगर राज्य इन सिफारिशों का पालन नहीं करता है, तो आईएलओ इस मामलें को अंतर्राष्ट्रीय न्याय न्यायालय में ले जा सकता है। इसका मतलब है कि इसके प्रावधानों को कार्यान्वित करने के लिए पर्याप्त अधिकार हैं।

आईएलओ कन्वेन्षन संख्या 182 की दुर्बलताएँ

- ✖ आईएलओ कन्वेन्षन श्रम पर केंद्रित है और इसलिए सभी ऑनलाइन यौन शोषण के आचरणों को शामिल नहीं करता है (जैसे कि यौन एक्सटोर्षन, यौन ग्रूमिंग);
- ✖ यह अंतर्राष्ट्रीय कानूनों पर राष्ट्रीय संप्रभुता पर जोर देता है जो राज्य के दायित्वों का कम कर सकता है;
- ✖ राष्ट्रीय संविधान और कानूनी ढांचे के संबंध में ऐसी कोई न्यूनतम सीमा नहीं है जिसे राज्यों को पालन करने या पूरा करने की जरूरत है;
- ✖ 'बाल अश्लीलता' या बाल यौन दुर्व्यवहार/शोषण सामग्री परिभाषित नहीं है।

आईएलओ कन्वेन्षन 182 में आपके देश को राज्य पार्टी क्यों बनना चाहिए?

- यह बाल श्रम के सबसे बुरे स्वरूपों के खिलाफ वैश्विक सहमति को मजबूत बनाता है;
- यह 'बाल अश्लीलता/प्रदर्शन' को बाल श्रम के सबसे बुरे स्वरूपों में से एक रूप में अपराधीकरण की मांग करता है, जिससे बाल अधिकार उल्लंघन के दृष्टिकोण की पूर्ति होती है और अभियोग पक्ष के लिए एक अतिरिक्त दृष्टिकोण उपलब्ध होती है;
- यह अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देता है जो प्रासंगिक है अनुच्छेद 3 (बी) में परिभाषित बच्चे के यौन शोषण की अभिव्यक्तियों के जो असीम है इंटरनेट की प्रकृति के कारण और जिसका उपयोग अपराधी उन्हें बढ़ाने के लिए करते हैं।



आज तक, 187 में से 180 आईएलओ सदस्य देशों ने कन्वेन्षन की पुष्टि की है।

5 दा अफ्रीकन यूनियन (एयू) कन्वेन्षन ऑन साइबर सेक्यूरिटी एंड पर्सनल डाटा प्रोटेक्षन

जून 2014 में, अफ्रीकन यूनियन ने साइबर सुरक्षा और व्यक्तिगत डेटा संरक्षण पर कन्वेन्षन अपनाया। इस कन्वेन्षन का लक्ष्य आफ्रिकन यूनियन के सदस्य राज्यों में साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में सुसंगत कानून की आवश्यकता को संबोधित करना है– जिसमें आपराधिक प्रक्रियात्मक कानून शामिल है– और प्रत्येक राज्य पार्टी में एक तंत्र स्थापित करना है जो गोपनीयता के उल्लंघन से लड़ने में सक्षम है। यह अफ्रीकी कानूनी, सांस्कृतिक, आर्थिक और सामाजिक वातावरण के अनुरूप मानक ढांचा की स्थापना के लिए कहता है। ऑनलाइन बाल यौन शोषण के संबंध में सम्मेलन में विशेष रूप से 'बाल अश्लीलता' शामिल है।

दा एयू कन्वेन्षन और ऑनलाइन बाल यौन शोषण

कन्वेन्षन ऑन साइबर सेक्यूरिटी एंड पर्सनल डाटा प्रोटेक्षन राज्यों को आवश्यक कानूनी और/या नियामक उपाय करने के लिए बाध्य करता है ताकि वे उन कार्यो को आपराधिक दोष बना सके, जैसे किः

अनुच्छेद 29 (3) (1) बाल अश्लीलता

(ए) उत्पादन, पंजी, पेशकश, निर्माण, उपलब्ध, प्रसार और संचारित करना;
(बी) स्वयं या किसी और व्यक्ति के लिए खरीद, आयात या आयात किया गया हो, और निर्यात या निर्यात किया गया हो;
(सी) कंप्यूटर प्रणाली या कंप्यूटर डेटा स्टोरेज पर बाल अश्लीलता की एक छवि या प्रतिनिधित्व होना;
(डी) किसी नाबालिग को अश्लील प्रकृति की छवियों, दस्तावेजों, ध्वनि या प्रतिरूप की सुविध या पहुंच प्रदान करना।

'बाल अश्लीलता' की परिभाषा

अनुच्छेद 1

"यौन स्पष्ट आचरण का कोई भी दृश्य चित्रण, जहां;

(ए) इस तरह के दृश्य चित्रण के उत्पादन में एक नाबालिग शामिल है;

(बी) इस तरह के चित्रण में एक नाबालिग यौन व्यभिचार में सलंग्लन होता है या जब उनके यौन अंगों की छवियों को मुख्य रूप से यौन प्रयोजनों के लिए उत्पादित की जाती है और बच्चे की जानकारी के साथ या उसके बिना शोषण किया जाता है;

(सी) दृश्य चित्रण को ऐसे तैयार, अनुकूलित या संशोधित किया गया हो, जैसे कि एक नाबालिग यौन आचरण में सलंग्न है।"

आपके देश को एयू कन्वेन्षन का राज्य पार्टी क्यों बनना चाहिए ?

- इस सम्मेलन में एक प्रगतिशील नींव है जो आपके राज्य को बाल अश्लीलता के दृष्टिकोण को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है।

ऑनलाइन बाल यौन शोषण के अन्य अभिव्यक्तियों की गोपनीयता और अपराधीकरण की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

कन्वेन्षन की शक्तियां

- यह 'बाल अश्लीलता' के संबंध में सभी प्रासंगिक आचरणों को अपराध मानता है;
- यह डिजिटल रूप से उत्पन्न बाल यौन दुर्व्यवहार सामग्री को अपराध मानता है;
- यह एक नाबालिग को अश्लील सामग्री तक पहुंच बनाने या प्रदान करने के कार्य को अपराध मानता है, जो ऑनलाइन ग्रूमिंग और यौन एक्सटोर्षन के पहलुओं को दर्शाता है;
- यह उन सिद्धांतों की रूपरेखा को दर्शाता है जो गोपनीयता (जैसे कि पारदर्शिता और व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा) को सुरक्षित रखने के लिए व्यक्तिगत डेटा को संसाधित करने में पालन करना चाहिए;
- यह सभी सार्वजनिक और निजी सहभागी को संगठित करने की मांग करता है, जिसके द्वारा वह एक समग्र दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है।

कन्वेन्षन की दुर्बलताएँ

कन्वेन्षन ऑनलाइन बाल यौन शोषण से संबंधित सभी आचरणों को परिभाषित नहीं करता है और अपराध नहीं मानता है:

- ऑनलाइन ग्रूमिंग
- यौन एक्सटोर्षन
- लाइव ऑनलाइन बाल यौन दुर्व्यवहार
- यह अस्पष्ट परिभाषाओं का उपयोग करता है जिसका उपयोग बोलने की स्वतंत्रता को सीमित करने के लिए किया जा सकता है;
- यह स्पष्ट न्यूनतम सीमा का उल्लेख नहीं करता है जिसे राष्ट्रीय संविधान, कानूनी ढांचे और विधियों को पालन करना या पूरा करना चाहिए।

8 राज्यों ने कन्वेन्षन पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन अभी तक पुष्टि नहीं की है।

अनुभाग 3:
इंटरनेट और प्रौद्योगिकी

इंटरनेट और प्रौद्योगिकी तथ्य पत्रक, शब्दों और उपकरणों का वर्णन करते हैं जो इंटरनेट और विभिन्न तकनीकों को समझने के लिए प्रासंगिक हैं। तथ्य पत्रक विशेष रूप से इस बात पर ध्यान केंद्रित करते हैं कि बाल यौन अपराधियों द्वारा या उन्हें पकड़ने या रोकने की कोशिश में लगे अधिकारियों या सेवा प्रदाताओं द्वारा इन उपकरणों का उपयोग कैसे किया जा सकता है। इस श्रृंखला में शामिल तथ्य पत्रक हैं 1) आईपी–अड्रेसस; 2) फ़िल्टरिंग और ब्लॉकिंग; 3) एन्क्रिप्शन; 4) टीओआर; 5) फोटोडीएनए; 6) क्लाउड कंप्यूटिंग और 7) स्पलैश पेजस।

1 एक आईपी एड्रेस क्या होता है?

और इसे बाल यौन अपराधियों की ऑनलाइन पहचान के लिए कैसे उपयोग किया जाता है

यह कैसे काम करता है?

आईपी–अड्रेस डिवाइस की एक पहचान स्थापित करने वाला या उसका अनूठा हस्ताक्षर है, जो कि डिवाइस को इंटरनेट से जुड़े अन्य डिवाइसों से पहचानने, केंद्रित करने और भेद करने को संभव बनाता है। हर डिवाइस अपने स्वयं के आईपी अड्रेस के साथ आता है चाहे वह कंप्यूटर, टेलीविजन, गेमिंग कंसोल या अन्य डिवाइस हो।

आईपी–अड्रेसस उपकरणों के बीच संचार की अनुमति देते हैं। जिस तरह एक व्यक्ति को एक डाक पते (पोस्ट अड्रेस) की जरूरत होती है ताकि वह एक पत्र भेज सके, एक सुदूर कंप्यूटर को संवाद करने में सक्षम होने के लिए डिवाइस के आईपी–अड्रेसस की आवश्यकता होती है। आईपी–अड्रेसस इस तरह से उपयोगकर्ताओं को डेटा भेजने और पुनः प्राप्त करने और यह सुनिश्चित करने के लिए सक्षम बनाता है कि संचार और डेटा सही स्थान पर पहुंचे। यह ऐसी जानकारी प्रत्यक्ष करता है जैसे कि डिवाइस कहाँ स्थित है और कौन सा इंटरनेट सेवा प्रदाता इसे सेवा प्रदान कर रहा है। यह प्रोटोकॉल सर्वव्यापक है और प्रत्येक उपकरण या स्थान के लिए सामान्य रूप से कार्य करता है।

तथ्य



- आईपी इंटरनेट प्रोटोकॉल का प्रतीक है।
- यह एक तकनीकी भाषा है जो दो उपकरणों को इंटरनेट के द्वारा एक–दूसरे के साथ संचार करने की अनुमति देता है।.
- आईपी अड्रेसस या तो 'स्थिर' हो सकते हैं (कभी नहीं बदलते) या 'गतिशील' (अस्थायी) हो सकता है।.

आईपी–अड्रेस फॉर्मेट

एक आईपी अड्रेस में संख्याओं और बिंदुओं का समूह होता है। आईपी प्रोटोकॉल के नए संस्करण – आईपी संस्करण 6 या आईपीवी 6 – के अधिक व्यापक रूप से इस्तेमाल के कारण आईपी अड्रेस की संख्या में विस्तार शुरू हो गया है।



बाल यौन अपराधियों की पहचान के लिए आईपी अड्रेस का उपयोग

जब बाल यौन अपराधी इंटरनेट से कनेक्ट होते हैं, तब वे उन उपकरणों का उपयोग करते हैं जिनमें आईपी–अड्रेस हैं। ये आईपी–अड्रेसस इंटरनेट गतिविधि का एक निशान छोड़ देते हैं। यह अधिकारियों को डिवाइस पर नजर रखने का अवसर प्रदान कर सकता है। और अक्सर उन्हें क्षमता देता है यह बताने के लिए कि उपकरण कब और कहां उपयोग किया गया था। इसका अर्थ है कि जिस व्यक्ति ने अपराध करने के लिए डिवाइस का इस्तेमाल किया था, उसकी पहचान हो सकती है।

प्राधिकारी, उपयोगकर्ता पहचान के लिए अपने सर्वर पर (अस्थायी) आईपी–अड्रेस लॉग्स और गतिविधियों तक प्रवेश के लिए स्थानीय कानून के अनुसार इंटरनेट सेवा प्रदाता (आईएसपी) से अनुरोध भी कर सकते हैं।

बदकिस्मती से, अपराधी अपना आईपी पता छिपाने के लिए उपाय कर सकते हैं। ऐसी एक विधि है प्रॉक्सी सर्वर का उपयोग। यहाँ सीधे एक वेबसाइट तक पहुंचने के बजाय, उपयोगकर्ता के अनुरोध को प्रॉक्सी सर्वर के माध्यम से पुनः प्रेषित किया जाएगा जो अनुरोध करने वाले डिवाइस के आईपी अड्रेस को रिकॉर्ड नहीं करता है। यह एक हद तक गुमनामी प्रदान करता है। एक अन्य उदाहरण है आईपी स्पूफर्स का उपयोग वास्तविक आईपी–अड्रेस पर पर्दा डालने के लिए और गलत तरीके से एक अलग आईपी–अड्रेस को अवैध आचरण का स्रोत दिखाने के लिए। इसके अलावा अन्य उपकरण और इंटरनेट सेवाएं भी उपलब्ध हैं जो एक व्यक्ति के आईपी–अड्रेस को ढूंढना काफी मुश्किल और समय लेने वाला कार्य बना सकता है।

2 फिल्टरिंग और ब्लॉकिंग क्या है?

और इसका उपयोग बाल यौन दुर्व्यवहार सामग्री के लिए किस प्रकार किया जाता है

यह कैसे काम करता है?

कई इंटरनेट सेवा प्रदाता (आईएसपी) और अन्य ऑनलाइन सेवा प्रदाता अपने उपयोगकर्ताओं को उन वेब अड्रेसस तक पहुंचने से रोकने के लिए इच्छुक हैं, जिसमें बाल यौन दुर्व्यवहार सामग्री शामिल होते हैं। इसके अतिरिक्त, वे अपने उपयोगकर्ताओं को उनके मंचों और सेवाओं का उपयोग बाल यौन दुर्व्यवहार छवियों को अपलोड करने, उनके आदान–प्रदान या संग्रह करने से रोकने की इक्षा रख सकते हैं। ऐसा करने के लिए, वे फिल्टरिंग और ब्लॉकिंग प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हैं।

वेब अड्रेसस जो बाल यौन दुर्व्यवहार सामग्री को शामिल करने के लिए जाना जाता है, उन्हें एक सूची में रखा जाता है जो सीधे उन कंपनियों को भेजा जाता है जो हो सकता है इस सूची को उनकी सेवा सुरक्षा नीति में शामिल कर लें। उस सूची पर दिए अड्रेस तक पहुंचने को कोई भी प्रयास फ़िल्टर या ब्लॉक हो जाएगा। सूचियों को हॉटलाइन और पुलिस एजेंसियों (उदाहरणस्वरूप इंटरपोल) जैसे निकायों द्वारा संकलित और प्रदान किया जाता है। फ़िल्टरिंग और ब्लॉकिंग उन विशिष्ट खोज शब्दों या कुंजी शब्द के लिए भी लागू किया जा सकता है जो बाल यौन दुर्व्यवहार सामग्री से संबंधित हैं।

तथ्य

फ़िल्टरिंग और ब्लॉकिंग का लक्ष्य ऑनलाइन विशेष सामग्री की उपलब्धता को सीमित करना है।

फ़िल्टरिंग और ब्लॉकिंग केवल इंटरनेट उस हिस्से की सामग्री को प्रभावित करता है जो खोज इंजन द्वारा अनुक्रमित किए गये हैं।

फ़िल्टरिंग और ब्लॉकिंग निम्न पर आधारित हो सकता है: कुंजी शब्द (जैसे खोज शब्द) ; प्रतिबंधित यूआरएल (जैसे वेबसाइट) ; और हैशेस।



कई देशों में बाल यौन दुर्व्यवहार सामग्री को ब्लॉक करना आईएसपी के लिए यह एक कानूनी आवश्यकता है।

जहां पुलिस के पास एक व्यक्तिगत छवि पहले से ही होती है, तो फोटोडीएनए (PhotoDNA) जैसे हैशिंग टेकनीक का उपयोग, छवि के एक हैश1 या डिजिटल फ़िंगरप्रिंट बनाने के लिए किया जा सकता है। इन हैशों को तब एक डाटाबेस में रखा जाता हैं और सिस्टम उस छवि की किसी भी प्रतिलिपि को तत्पश्चात पहचान सकता है, जिसे एक उपयोगकर्ता उनकी सर्विस पर अपलोड, डाउनलोड, विनिमय या संग्रह करने का हो सकता है प्रयास करे।



सावधानी

फ़िल्टर हमेशा उस मैच के बीच अंतर नहीं कर पाते हैं जो अवैध सामग्री का उल्लेख करते हैं और जो नहीं करते। इससे सामग्री को गलत तरीके से ब्लॉक करने का खतरा होता है (ओवर–ब्लॉकिंग)।

बाल यौन दुर्व्यवहार सामग्री का फ़िल्टरिंग और ब्लॉकिंग

फ़िल्टरिंग और ब्लॉकिंग प्रौद्योगिकियों का मुख्य इरादा और ठोस प्रभाव बाल ऑनलाइन यौन दुर्व्यवहार सामग्री की उपलब्धता को कम या सीमित करना है। यह इस तरह की अवैध सामग्री के अवांछित संपर्क को रोकने के द्वारा एक सुरक्षित इंटरनेट में योगदान देता है। इसके अलावा यह अपराधियों द्वारा बाल यौन दुर्व्यवहार सामग्री के उपयोग करने और साझा करने के प्रयास को रोकता है।

फ़िल्टरिंग और ब्लॉकिंग चित्रों में दर्शाए गए पीड़ितों के लिए एक महत्वपूर्ण लाभ भी प्रदान करता है। छवियों को दुर्गम बनाकर, फ़िल्टरिंग और ब्लॉकिंग करने वाले तंत्र, पीड़ितों को गोपनीयता की रक्षा करते हैं और बच्चे के आगे के नुकसान की संभावना को कम करते हैं।

4. कृपया तथ्य पत्र देखें – हैशेस क्या है? फ़ोटोडीएनए क्या है?

3 एन्क्रिप्शन क्या है?

और इसका उपयोग बाल यौन अपराधी द्वारा ऑनलाइन किस प्रकार किया जाता है

यह कैसे काम करता है?

एन्क्रिप्शन कंप्यूटर द्वारा कमादेशित उपायों (एन्क्रिप्शन सॉफ्टवेयर) की एक श्रृंखला है जो एक संदेश को छिपाने या गुप्त रखने के लिए किया जाता है ताकि अगर संदेश 'गलत हाथों' में जाता है तो उस देखने या पढ़ने वाला व्यक्ति यह समझने में सक्षम नहीं होगा कि वह क्या कह रहा है। उदाहरण के लिए, संदेश को जैसे "मैं आपको सोमवार को मिलूँगा" को इस तरह से कोडित संदेश में बदलता है जैसे "p98hUIs #yeb!"

यह समझदार कोडित संदेश – एक सिफरटेक्स्ट – तब एक रिसीवर को इंटरनेट द्वारा भेजा जाता है। संदेश प्राप्त करने वाले व्यक्ति के पास एक 'डीकोडिंग कुंजी' (उदाहरण के लिए एक पासवर्ड) होना चाहिए जो कि दूसरों के लिए अज्ञात होता है। और असली संदेश को अनलॉक या वापस प्राप्त करने के लिए प्रेषक द्वारा उसे प्रदान किया जाता है। इस प्रक्रिया को डिक्रिप्शन कहा जाता है। उस चाबी के बिना संदेश अपठनीय होता है या छवि देखने–योग्य नहीं होता है।



एन्क्रिप्शन/डिक्रिप्शन प्रक्रिया निम्ननुसार है:



बाल यौन अपराधी ऑनलाइन द्वारा एन्क्रिप्शन का इस्तेमाल

बाल यौन अपराधी विभिन्न उपकरणों द्वारा एक दूसरे के साथ ऑनलाइन संवाद करते हैं ताकि पहचान और आचरणों का अधिकारियों से गुप्त रख सकें।

उदाहरण के लिए, अपराधी बाल यौन दुर्व्यवहार सामग्री को एन्क्रिप्ट करते है ताकि जब वे गैर–अधिकृत व्यक्तियों या संस्थाओं द्वारा पकड़े जाएँ तब वे पहचाने नहीं जा सकें। या वे किसी घर की खोज के दौरान असाधारण सबूत तक पहुंचने या पहचानने से अधिकारियों को रोकने के लिए कंप्यूटर या डिस्क को एन्क्रिप्ट कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, एन्क्रिप्शन अपराधियों को उन लोगों की पहचान सत्यापित करने की अनुमति देता है, जिनसे वे ऑनलाइन संचार कर रहे हैं।

कुछ कमजोर एन्क्रिप्शन कार्यक्रमों को शक्तिशाली कंप्यूटरों द्वारा तोड़ा जा सकता है, लेकिन व्यावहारिक रूप में, आम तौर पर कई ऐसे मजबूत एन्क्रिप्शन प्रोग्राम जो व्यापक रूप से उपलब्ध हैं, डिकोडिंग कुंजी के बिना टूट नहीं सकते हैं।

एन्क्रिप्शन कानून प्रवर्तन जांच में अतिरिक्त जटिलता पैदा करता है।

5. कृपया ध्यान दें ये एक उदाहरण है और डेटाएन्क्रिप्ट और डिक्रिप्ट करने के लिए कई अन्य तरीकें हैं

4 टीओआर क्या है?

टीओआर एक मुफ्त सॉफ्टवेयर है जो गुमनाम संचार को सक्षम करता है। यह नाम मूल सॉफ्टवेयर कार्यक्रम 'दि ऑनियन रूटर' के संक्षिप्त नाम से लिया गया है। यह कैसे काम करता है? टीओआर एक ऑनलाइन ट्रैफ़िक को नेटवर्क द्वारा इस तरह मोढ़ता है जिससे उपयोगकर्ता की पहचान या स्थान छुप जातें है। बजाय विज़िट जैसे ट्रैफ़िक को वेबसाइटों या तत्काल संदेश को एक पुर्व निश्चित स्थायी मार्ग के तरफ भेजने के (उपयोगकर्ता 'किम' से लेकर वेबसाइट तक) टीओआर एक गतिशील रूप से तय मार्ग के माध्यम से जाता है जिसका पता लगाना मुश्किल है।

टीओआर कनेक्शन को एन्क्रिप्ट किया जाता है। एक बिना एन्क्रिप्टेड लिंक को निगरानी के लिए छोड़ा जाता है, जो किसी को आपके आईपी–एड्रेस का पता लगाकर यह जानने की इजाजत देता है कि आप किस वेबसाइट को देखते हैं। हालाँकि, टीओआर एक एन्क्रिप्टेड कनेक्शन का उपयोग करता है, जिसका मतलब है कि मूल इंटरनेट उपयोगकर्ता के रूप से निश्चित स्थान तक किसी भी समय पर, यह स्पष्ट नहीं होता है कि डेटा कहां से आ रहा है या कहां जा रहा है।

तथ्य

टीओआर ऑनियन रूटर का लघु रूप है।

टीओआर सॉफ्टवेयर अमेरिकी खुफिया संचार की रक्षा के लिए यूएस नेवल रिसर्च लैबोरेट्री द्वारा विकसित किया गया था।

टीओआर का उद्देश्य उपयोगकर्ता पहचान और उनके ऑनलाइन गतिविधि को निगरानी और ट्रैफ़िक विश्लेषण से छुपाना है।

टीओआर उन उपयोगकर्ता के लिए वैध रूप से उपयोगी है जो गोपनीयता बनाए रखना चाहते है; सेंसरशिप को नाकाम करना; या दमनकारी सरकारों या लक्षित निगरानी से खुद को बचाना चाहते हैं।

6 एक आईपी–अड्रेस एक डिवाइस के उपयोगकर्ता की पहचान को दर्शाता हैं (तथ्य पत्र देंखें आईपी पता क्या है?)



जब किम टीओआर नेटवर्क के माध्यम से एक वेबसाइट तक पहुँचती है, तो उस वेबसाइट पर जाने के लिए ट्रैफ़िक अन्य लोगों के कंप्यूटर के माध्यम से एक अनियमित पथ लेता है। प्रत्येक मध्यवर्ती बिंदु पर उपयोगकर्ता की पहचान के लिए स्रोत और लक्ष्य दोनों की जानकारी छीन ली जाती है जिससे उसकी पहचान मुश्किल हो जाती है। इंटरनेट सेवा प्रदाता यह नहीं देख सकते हैं कि वह कौन है और वह कौन सी साइटें देख रही है। टीओआर गुमराहपूर्वक अंतिम निकास नोड (टोबी) को संचार स्रोत के रूप में प्रस्तुत करता है।

बाल यौन अपराधी द्वारा टीओआर का ऑनलाइन उपयोग

बाल यौन अपराध करने वाले बाल यौन दुर्व्यवहार छवियों या अन्य सामग्री को साझा करने के लिए टीओआर का उपयोग करते हैं जो बाल यौन दुर्व्यवहार की संस्कृति को बनाए रखने को सुगम बनाता है। इसके अलावा टीओआर उन्हें संभावित पीड़ितों के साथ गुमनाम रूप से कनेक्ट करने में मदद देता है। इसके अलावा टीओआर की छिपी हुई सेवाएं अपराधियों को एक दूसरे से गुप्त रूप से संवाद करने की अनुमति देता है। टीओआर का इस्तेमाल करते हुए, अपराधी अपने स्थान या पहचान के खुलासे से बचते हैं, जिससे वे इंटरनेट सेवा प्रदाता (आईएसपी) और कानून प्रवर्तन द्वारा पता लगाए जाने से बच जाते हैं। इस तरह से टीओआर पीड़ित और अपराधी की पहचान को पेचीदा बना देता है।

टीओआर सबसे लोकप्रिय सॉफ़्टवेयर प्रोग्राम है जो इंटरनेट के कुछ हिस्सों तक पहुंचाने के लिए उपयोग किया जाता है जो जानबूझकर उन उपयोगकर्ताओं को गुमनामी या गोपनीयता के स्तर प्रदान करने के लिए बनाया जाता है। इन बेनाम वेबसाइटों और एन्क्रिप्टेड नेटवर्क को डार्कनेट के रूप में संदर्भित किया जाता है और सामान्यतः टीओआर के माध्यम से इसका उपयोग किया जाता है। ऐसा माना जाता है कि सबसे परम बाल यौन दुर्व्यवहार सामग्री को टीओआर के माध्यम से साझा किया जाता है।

5 हैश क्या है? फोटोडीएनए क्या है?
और बाल यौन दुर्व्यवहार सामग्री के लिए उनके प्रयोग क्या हैं

यह कैसे काम करता है?

फ़ोटोडीएनए की शुरुआत एक ऐसी छवि के साथ होती है जिसे विश्वसनीय स्रोतों जैसे कि, नेशनल सेंटर ऑफ़ मिसिंग एंड एक्सप्लॉयटेड चिल्ड्रेन (आईसीएमईसी) या कानून प्रर्वतन प्राधिकरण द्वारा बाल यौन दुर्व्यवहार सामग्री के रूप में पहचान की गई है।[7]

फोटो–डीएनए छवि को एक काले और सफेद प्रारूप और समरूप आकार या ('हैश') में बदल देती है। यह तब छवि को चौकोर वर्गों में विभाजित करता है और एक संख्यात्मक मूल्य प्रदान करता है जो प्रत्येक वर्ग में पाए जाने वाले अनोखे छायांकन का प्रतिनिधित्व करता है। ये संख्यात्मक मूल्य साथ मिलकर उस छवि के लिए हैश निर्मित करते हैं।

परिचित चित्रों के हैश मूल्यों की तुलना अन्य छवियों से उनकी प्रतियों की पहचान के लिए की जा सकती है। इस प्रक्रिया को मिलान प्रक्रिया कहा जाता है और इसका इस्तेमाल निम्न के लिए किया जा सकता है: 1) ऑनलाइन हानिकारक सामग्री की पहचान करना और उन्हें ध्यान में लाना और 2) छवियों के संग्रह से परिचित सामग्रियों को फ़िल्टर करना।

हैश प्रत्येक छवि के लिए एक अनोखा डिजिटल पहचान या हस्ताक्षर का प्रतिनिधित्व करता है। छवि के बदल जाने पर भी– उदाहरण स्वरूप जब छवि को फिर से आकार दिया जाता है या जब उसका रंग बदल जाता है – उस छवि के लिए हैश कोड एक ही रहता है।

7 माइक्रोसॉफ़्ट से प्राप्त सूचना

कानून प्रवर्तन

प्रोजेक्ट विक, एक छवि (और वीडियो) हैश साझा करने की पहल है जिसका उपयोग कानून प्रवर्तन द्वारा किया जाता है और आईसीएमईसी इसका नेतृत्व करता है। परिचित बाल यौन दुर्व्यवहार सामग्री के लाखों डिजिटल हेश्स के डेटाबेस के उपयोग से, प्रोजेक्ट विक, कानून प्रवर्तन को अज्ञात बाल यौन दुर्व्यवहार सामग्री से परिचित छवियों को अलग करने में मदद करता है। यह परिचित छवियों की प्रतियों को फिर से जांच करने से रोकता है और जासूसों को उन छवियों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सक्षम बनाता है जो नए हैं। इसके अलावा उन बच्चों को शामिल कर सकते हैं जिन्हें अभी भी पहचानने की आवश्यकता है। इस प्रकार परियोजना विक खोजने के कार्य को व्यवस्थित करने में मदद करती है। अपराधियों से प्राप्त डेटा की बढ़ती मात्रा को देखते हुए यह महत्वपूर्ण है।

तथ्य

प्रत्येक छवि में एक अनोखा 'फिंगर प्रिंट' होता है। गणित के चतुर प्रयोग द्वारा – फोटोडीएनए की तकनीक के माध्यम से – इनमें से प्रत्येक 'फिंगर प्रिंट' को एक अनोखे संख्यात्मक कोड के रूप में व्यक्त किया जा सकता है जिसे आमतौर पर एक 'हैश' कहा जाता है।

फोटोडीएनए एक ऐसी तकनीक है जो सबसे पहले माइक्रोसॉफ्ट द्वारा विकसित की गई थी। गूगल एक ऐसे उपकरण पर काम कर रहा है जो वीडियो के लिए इसी तरह काम करता है।



एफएमटीएस ने पहले से ही इस तरह का सॉफ्टवेयर बना लिया है।

इस प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कानून प्रवर्तन और संगठनों/कंपनियों जैसे गूगल, ट्विटर और फ़ेसबुक द्वारा किया जाता है।

नोट

इस तकनीक का उपयोग एक छवि में एक व्यक्ति या वस्तु की पहचान करने के लिए नहीं किया जा सकता है, ना ही इसका उपयोग अभियांत्रीकरण । (रिवर्स इंजीनियरिंग) और एक छवि के पुनर्निर्माण के लिए किया जा सकता है।



इंटरनेट सेवा प्रदाता

फोटोडीएनए द्वारा बनाई गई हैश के समूहों को इंटरनेट सेवा प्रदाताओं और सोशल नेटवर्क वेबसाइटों के साथ भी साझा किया जाता है। हैश टेक्नोलॉजी उनकी सेवाओं पर साझा किए गए बाल यौन दुर्व्यवहार सामग्री का पता लगाने में सहायता करती है क्योंकि यह बाल यौन दुर्व्यवहार सामग्री को पहचानने, हटाने या ब्लॉक करने और रिपोर्ट करने की सुविधा प्रदान करती है।

6 क्लाउड कंप्यूटिंग क्या है?
और ऑनलाइन बाल यौन शोषण के लिए इसके आशय

यह कैसे काम करता हैं?

पंरपरागत रूप से, जब लोग कंप्यूटर पर कुछ बनाते थे या अपने संगीत के संग्रह या चित्रों को संग्रहीत करना चाहते थे, तब उन्हें इसे हार्ड डाइव या किसी अन्य माध्यम जैसे सीडी या यूएसबी स्टिक पर रखना होता था। जगह कम पड़ने पर आपको भंडारण के लिए अतिरिक्त हार्डवेयर खरीदना या प्राप्त करना पड़ता था। उसी तरह, अगर आप एक प्रोग्राम को चलाना चाहते थे, तो सॉफ़्टवेयर को आपके डिवाइस पर डाउनलोड और इंस्टॉल करना होता था। अगर डिवाइस पर कोई जगह नहीं होती थी, तो आप प्रोग्राम का उपयोग नहीं कर पाते थे।

इंटरनेट के आगमन ने उस स्थिति को पूरी तरह से बदल दिया है। इसने क्लाउड कंप्यूटिंग को विकसित करना मुमकिन किया है, जिसे अक्सर 'क्लाउड' के रूप में जाना जाता है। इसका मतलब है कि अब हम दूर स्थित सर्वर का प्रयोग किसी भी मात्रा में फाइलों या डेटा और कार्यक्रमों या सेवाओं को व्यावहारिक रूप से स्टोर करने के लिए या चलाने के लिए कर सकते हैं। क्योंकि

तथ्य

क्लाउड सेवाएं उपयोगकर्ताओं को तत्काल उपलब्ध होती है (माँगने पर) और यह मुफ्त में या उपयोग–के–भुगतान के आधार पर प्रदान की जाती है।

निरंतर अधिक सेवाएं और व्यक्तिगत डेटा क्लाउड में बढ़ रहे हैं, जैसे कि ई–मेल (उदाहरण स्वरूप जी–मेल), चित्र (उदाहरण रूवरूप–इंस्टाग्राम), मोबाइल फोन एप्लिकेशन, मूवी–ऑन–डिमांड (उदाहरण स्वरूप – नेटफ़्लिक्स, बैंकिंग सेवाएं और सर्वर / भंडारण क्षमता।



इंटरनेट वैश्विक है और हमेशा चालू रहता है। हम अब मोबाइल कंप्यूटिंग की दुनिया में रहते हैं, जहां हम किसी भी समय क्लाउड पर बैकअप ले सकते हैं या भंडारण कर सकते हैं। कंपनियां जो क्लाउड सेवा उपलब्ध करती हैं वे सभी जरूरी बुनियादी ढांचे और अनुप्रयोगों को होस्ट करती हैं तथा इसके रखरखाव और सुरक्षा को सुनिश्चित करती हैं। उपयोगकर्ता इंटरनेट पर उपलब्ध सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं, उन्हें सिर्फ जरूरत होती है एक उपकरण, एक इंटरनेट कनेक्शन और एक सेवा खाते की। यह उपयोगकर्ताओं को अपने व्यक्तिगत कंप्यूटर के लिए हार्डवेयर और सॉफ़्टवेयर खरीदने, स्थापित या प्रबंधन करने से मुक्त करता है।

अपराधियों द्वारा क्लाउड सेवाओं का उपयोग

अपराधी 'साइबर लॉकर्स' या ऑनलाइन भंडारण (स्टोरेज) स्पेस जैसी क्लाउड सेवाओं का उपयोग सीएसएएम को 'उनके' लॉकर पर अपलोड द्वारा करतेहै। यह लॉकर पासवर्ड–संरक्षित होता है और उसकी सामग्री केवल ऑनलाइन खाते में प्रवेश करके ही प्राप्त की जा सकती है। अपराधी पासवर्ड या उपयोगकर्ता नाम प्रदान करके सामग्री तक पहुंच साझा कर सकते हैं, मुफ्त में या सीएसएएम या पैसे के बदलें में। सेवा प्रदान करने वाली कंपनी को आमतौर पर लॉकर्स के अंदर संग्रहीत की जा रही चीज़ों का कोई ज्ञान नहीं होता है।

क्लाउड भंडारण स्पेस का उपयोग निम्न के द्वारा किया जा सकता है, जैसे यात्रा करने वाले यौन अपराधी जिन्होने बाल दुर्व्यवहार छवियां विदेशों में बनाईहैं ताकि अधिकारियों द्वारा पता लगाने के जोखिम को कम किया जा सके। सामग्री घर पोस्ट या ले जाने के बजाय, अपराधी इसे क्लाउड पर अपलोड करते हैं और इसे वापस आने पर ले सकते हैं ।

क्लाउड कंप्यूटिंग का उदगमन कानून प्रवर्तन के लिए विशेष चुनौतियां पेश करता है । यह आंशिक रूप से इंटरनेट पर गतिमान फ़ाइलों की मात्रा के कारण है और आंशिक रूप से इसलिए क्योंकि काफ़ी मात्रा में डेटा अब एन्क्रिप्टेड हैं।इसमें न्याय–व्यवस्था संबंधी मुद्दे भी हैंः क्लाउड सेवाएँ प्रदान करने वाले प्रदाता, दुनिया भर में अपेक्षित भौतिक बुनियादी ढांचे को होस्ट करते हैं, और हर जगह से ग्राहकों की सेवा पूर्ति करते हैं। जांच और अभियोजन के मामले में ये सभी पक्ष यह निर्णय लेने में कठिनाइ प्रदान करते हैं कि कौन सी न्याय सीमा कानून प्रवर्तन, ऑनलाइन सेवा प्रदाता और अन्य पार्टियां बाध्य हैं।

8. कृपया तथ्य पत्र देखें, एन्क्रिप्शन क्या है?

7 स्पलैश पृष्ठ क्या हैं?

और बाल यौन अपराधियों ऑनलाइन के लिए उनके प्रतिरोधक मूल्य

तथ्य

यह कैसे काम करता है?

स्पलैश पृष्ठ एक पेज या इमेज है जो पूरे स्क्रीन पर या उसके एक हिस्से पर दिखाई देता है, जब तक उपयोगकर्ता द्वारा मांगे गये वेब पेज लोड हो रहा है।

स्पलैश पृष्ठों का उपयोग सभी प्रकार के उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है क्योंकि यह एक वेब पेज पर एक संदेश डालने का एक तरीका है। विज्ञापनदाता प्रायः उपयोगकर्ताओं को आकर्षित करने के लिए उनका उपयोग करते हैं या उनका इस्तेमाल आपको बताने के लिए किया जा सकता है, उदाहरण के लिए, आपने एक गलत वेब पता लिखा है या कोई विशेष वेब साइट अब मौजूद नहीं है।

स्पलैश पृष्ठों का उपयोग उपयोगकर्ताओं को कुछ सामग्री से दूर रखने के लिए भी किया जाता है। उदाहरण के लिए, एक स्पलैश पेज तब प्रकट हो सकता है जब कोई परिचित बाल यौन दुर्व्यवहार सामग्री (सीएसएएम) का उपयोग करने की कोशिश कर रहा है तब वह फ़िल्टरिंग और ब्लॉकिंग, प्रतिरोध के अंतिम उपाय द्वारा वांछित सामग्री तक पहुँचने में बाधा डालता है।

स्पलैश पृष्ठों का उपयोग उपयोगकर्ताओं के ध्यान को आकर्षित करने, एक संदेश को संकेत करने या उपयोगकताओं को अन्य वेब पेजों पर मोड़ने के लिए किया जाता है।

जब उपयोगकर्ता को सामग्री तक पहुंचने से रोकने के लिए स्पलैश पृष्ठों का उपयोग किया जाता है, तो उन्हें 'स्टॉप पेज' के नाम से जाना जाता है।

स्पलैश पृष्ठ गैर सरकारी संगठनों, उद्योग और कानून प्रवर्तन संस्थाओं द्वारा उपयोग किया जाता है।

9. कृपया अधिक जानकारी के लिए तथ्य पत्र देखें, फ़िल्टरिंग और ब्लॉकिंग क्या है?



बाल यौन दुर्व्यवहार सामग्री तक पहुंच को रोकने के लिए कुछ कंपनियां स्पलैश पृष्ठों का इस्तेमाल करती हैं – इनमें मुख्य हैं माइक्रोसॉफ्ट और गूगल– जो अपने खोज सुविधाओं में प्रतिरोध जैसी योजनाओं का इस्तेमाल लोगों को जानबूझकर या गलती से बाल यौन दुर्व्यवहार सामग्री ऑनलाइन तक पहुंचने से रोकने के लिए करते हैं। जब भी कोई ऐसी पृष्ठ के उपयोग करने का प्रयास करता है जो इस प्रकार की सामग्रियों को शामिल करने के लिए जाना जाता है, तो उपयोगकर्ता को उसके पहुँज से वंचित कर दिया जाता है। जब तक स्पलैश पेज का उपयोग किया जाता है, तो उपयोगकर्ता को तुंरत एक प्रतिरोध के मैसेज पर ले जाया जाता है।

स्पलैश पृष्ठों में विभिन्न जानकारियाँ हो सकती है। स्पलैश पृष्ठ के सबसे सरल संस्करण में एक संदेश है जो संकेत करता है कि इच्छित साइट पर पहुंच को अस्वीकार कर दिया गया है। इसे एक भूल संदेश या 404–संदेश कहा जाता है। स्पलैश पृष्ठों में अतिरिक्त जानकारी शामिल हो सकती जैसे है कि प्रवेश को क्यों ब्लॉक किया गया है (संबंधित कानून के बारे में या उसके बिना) इस जानकारी को मदद या सलाह के स्रोतों के परामर्श द्वारा सम्पूर्ण किया जा सकता है, यदि कोई उपयोगकर्ता बच्चों के प्रति उसकी या अन्य के बच्चों के बारे में यौन भावनाओं से चिंतित है।

स्पलैश पृष्ठ में स्पष्ट चेतावनियां या संदेश शामिल हो सकते है जो उपयोगकर्ताओं के आचरण या खोज की गई सामग्री की अवैधता को समझाते हैं। वे उपयोगकर्ता जो कुछ खास सामग्री के प्रतिरोध से साथ सहमत नहीं हैं, उन्हें कभी–कभी पहुंच के इनकार के बारे में शिकायतें कैसे प्रत्यक्ष करें, इसके बारे में जानकारी दी जाती है। अंत में, कुछ छपने वाले पृष्ठों में बाल यौन दुर्व्यवहार सामग्री ऑनलाइन की रिपोर्ट करने के लिए स्थापित हॉटलाइन/या लिंक की जानकारी होते हैं।

ऐसी जानकारी प्रदान करके, स्पलैश पृष्ठ बच्चों की यौन दुर्व्यवहार सामग्री और संबंधित कार्यो की अवैधता के बारे में जानकारी बताने में सहायता कर सकते हैं। वे गिरफ्तार होने के डर को भी विकसित करने में मदद कर सकते है और उपयोगकर्ताओं को सहायता के स्रोतों के तरफ मोड़ सकते हैं। स्पलैश पृष्ठ उपयोगकर्ताओं को रिपोटिंग तंत्र के बारे में शिक्षित करके और ऐसी सामग्री के अवांछित संपर्क को रोकने के द्वारा एक सुरक्षित ऑलाइन वातावरण बनाने में सहायता करते हैं। अंततः स्पलैश पृष्ठ उपयोगकर्ताओं को सीएसएएम तक पहुंचने से रोकते हैं।

कृपया अपने स्वयं के कार्य के लिए तथ्य पत्रकों का उपयोग करने के लिए स्वतंत्र महसूस करें।

ये सभी संसाधन> फैक्टशीट> 2016- फैक्टशीट के अंतर्गत पर
उपलब्ध हैं। अभिव्यक्तियां तथ्य पत्रक बर्मी, अंग्रेजी, फ्रेंच, इंडोनेशियाई (बहासा), खमेर, लाओ, रूसी, स्पैनिश, थाई, तुर्की और वियतनामी में उपलब्ध हैं।

कानूनी तथ्य पत्र अंग्रेजी, फ्रेंच और स्पेनिश में उपलब्ध हैं।
इंटरनेट और प्रौद्योगिकी तथ्य पत्र बर्मीज और अंग्रेजी में उपलब्ध हैं।

ईसीपीएटी इंटरनेशनल

328/1 फाया थाई रोड, रत्च्थेवि, बैंकाक 10400 थाईलैंड
टेलीफोनः +662 215 3388 फैकसः +662 215 8272
ईमेलः info@ecpat.org वेबसाइटः www.ecpat.org